हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 69, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 6 सितम्बर, 2023 दिन बुधवार गाजीपुर/वाराणसी

छात्रों के लिए आदर्श बनें, मॉर्निंग असेंबली को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं : सीएम योगी

राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 94 शिक्षकों का किया सम्मान

लखनऊ। वर्तमान पीढ़ी को बनाने के लिए जितनी मेहनत हो सकती है वो करें। मॉर्निंग असेंबली को नियमित रूप से पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाएं। नए सिरे से पीढ़ियों को बनाने का कार्य आप कर रहे हैं। जो पीढ़ियां बनेंगी, वो जीवन भर आपको याद करेंगी। यदि हमारे शिक्षक नहीं होते तो आज हम यहां तक नहीं पहुंच पाते, आगे नहीं बढ़ पाते। हमारे शिक्षकों का योगदान हमारे व्यक्तित्व के निर्माण और चुनौतियों से लड़ने के लिए प्रेरणा देता रहा। वे सुविधाभोगी नहीं थे। वो अल्प संसाधनों में, कम वेतन में कार्य करते थे। उन्होंने उस समय जो मेहनत की तब जाकर आज पीढ़ियां बनीं और यही कार्य आप भी कर सकते हैं। आप भी अपने छात्रों के लिए वंदनीय बन सकते हैं।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित 94 शिक्षकों का सम्मान करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 2.09 लाख टैबलेट वितरण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने प्रदेश में 18,381 स्मार्ट क्लास व 880

आईसीटी लैब का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की। इस अवसर पर सांकेतिक रूप से सीएम योगी ने 6 बेसिक शिक्षा एवं 6 माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया। सम्मान राशि 25000 रुपए उनके खाते में पहले ही भेजी जा चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि एक शिक्षक की भूमिका के बारे में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्पष्ट कहना था कि वह राष्ट्र निमार्ता है। प्राचीन काल से ही भारत ने अपने शिक्षकों की इस परंपरा को मान्यता दी है। सम्मान के साथ श्रद्धापूर्वक समाज में विशिष्ट स्थान देने का कार्य किया। समय के अनुरूप दोनों पक्ष सामने आते गए। एक पक्ष जो इसका उज्जवल पक्ष था। यह वो पक्ष है जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वर्तमान पीढ़ी का मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्र की नींव को सुदृढ़ करते हुए एक राष्ट्र निमार्ता के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। दूसरा कृष्ण पक्ष है, जब ट्रेड यूनियन की तरह कोई शिक्षक विद्यालय कार्यों से विरत होकर दिन भर शिक्षा अधिकारियों के घर में या उनके कार्यालयों में बैठकर के अपनी वर्तमान पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करता है तो उसका कृष्ण पक्ष भी समाज को देखने को मिलता है। समाज भी उस व्यक्ति को संदेह की निगाह से देखता है। इन दोनों पक्षों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा जगत की वर्तमान समस्याओं को समाधान की तरफ बढ़ाने का कार्य हमें करना होगा। प्रसन्नता है कि आज प्रदेश के उन 94 शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में कुछ यूनीक कार्य किया है। उनका कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा बना है, उन्हें सम्मानित करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है।

टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अब कोई आपका मुकाबला नहीं कर पाएगा- सीएम योगी ने शिक्षकों से कहा कि समाज और राष्ट्र के निमार्ता के रूप में आपकी भूमिका को आगे बढ़ाने और वर्तमान पीढ़ी को प्रेरित करने की एक बड़ी जिम्मेदारी आपको दी गई है। अगर हम समय के अनुरूप नहीं चलेंगे तो फिर समय हम सबको पीछे धकेल देगा। हम अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर समाज को दिशा दें, इस भूमिका के साथ हम सबको स्वयं को तैयार करना होगा। दूरदर्शिता के साथ हमें आगे बढ़ना होगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में कोरोना कालखंड के दौरान लागू हुई। इससे जुड़े हुए अनेक कार्यक्रम लागू किए गए।

बिकरू कांड: गैंगस्टर मामले में सात आरोपी दोषमुक्त, 23 को 10-10 साल की सजा, 50 हजार का जुमार्ना भी ठोका

कानपुर। कानपुर देहात में चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी। वहीं, कई लोग घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने 30 आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम दुर्गेश की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि मंगलवार को अदालत ने मामले में लंच पूर्व सुनवाई करते हुए तीस आरोपियों में सात आरोपियों को दोषमुक्त किया गया है। इनमें प्रशांत उर्फ डब्बू, अरविंद उर्फ गुड्डन, संजू उर्फ संजय दुबे, सुशील तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, बालगोविंद और रमेश चंद्र को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। वहीं, अन्य आरोपियों को 10-10 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही, प्रत्येक पर 50 हजार का जुमार्ना भी लगाया है।

दिग्विजय ने बनाया एमपी को बीमारू राज्य, भाजपा की मेहनत से बना बेमिसाल प्रदेश, कांग्रेस पर बरसे शाह

मंडला (मध्य प्रदेश)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मध्य प्रदेश के मंडला जिले में जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार के कामकाज का बखान किया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला।

'एमपी को बीमारू राज्य बनाकर छोड़ गए थे दिग्विजय सिंह'- मंडला में एक सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज हम जनजाति समाज से आशीर्वाद मांगने आए हैं। उन्होंने दिग्विजय सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि मिस्टर बंटाधार दिग्विजय मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर छोड़ गए थे। 20 साल में भाजपा के तीन मुख्यमंत्रियों ने खासकर शिवराज सिंह चौहान ने इसे बेमिसाल प्रदेश बनाने का काम किया है।

कमलनाथ और दिग्विजय सिंह से अमित शाह ने पूछे सवाल- शाह ने कहा, 'कांग्रेस ने आदिवासियों के लिए जल, जंगल और जमीन के अधिकार की सिर्फ बातें की, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने जल, जंगल और जमीन के साथ सुरक्षा, सम्मान और समावेशी विकास को जोड़कर आदिवासियों का कल्याण किया। मैं आज कमलनाथ और मिस्टर बंटाधार से

पूछने आया हूं। जब कांग्रेस की सरकार थी तब आदिवासी कल्याण के लिए बजट कितना था? मनमोहन सिंह की सरकार में आदिवासियों के लिए 24 हजार करोड़ का बजट था, जबकि मोदी सरकार ने 1 लाख 19 हजार करोड़ का बजट दिया है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सालों तक देश पर राज किया, लेकिन किसी आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति नहीं बनाया। नरेन्द्र मोदी ने गरीब परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मु को राष्ट्रपति पद पर सुशोभित कराया है।

'आदिवासियों के कल्याण के लिए सरकार ने किया काम'- अमित शाह ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने आदिवासी भाई-बहनों के लिए पेसा कानून धरातल पर उतारने का काम किया है। आदिवासी कल्याण के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने एक नए प्रकार का रास्ता देशभर के लिए प्रशस्त किया है।

देश के खजाने पर हमारे आदिवासियों का अधिकार है- अमित शाह- उन्होंने पूर्व की यूपीए सरकार पर भी हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि यूपीए और कांग्रेस की सरकार में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की तिजोरी पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। कांग्रेस सरकार अल्पसंख्यकरण में डूबी रही, लेकिन जब नरेन्द्र मोदी सरकार में आए तो उन्होने कहा मेरी सरकार आदिवासियों की सरकार है, दलित और पिछड़ों की सरकार है। पीएम मोदी कहते हैं देश के खजाने पर हमारे अदिवासियों का अधिकार है।

'विरोधियों को भी अपना शिक्षक मानता हूं', टीचर्स डे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मीठे बोल

नई दिल्ली। शिक्षक दिवस को पूर्व राष्ट्रपति एस राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस असवर पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह अपने विरोधियों को भी अपना शिक्षक मानते हैं, जो अपने व्यवहार, झूठ और शब्दों से उन्हें सिखाते हैं कि वह जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह बिल्कुल सही है।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राहुल गांधी ने हिंदी में एक फेसबुक पोस्ट किया और लिखा, 'मैं महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, श्री नारायण गुरु जैसे महापुरुषों को अपना गुरु मानता हूं, जिन्होंने हमें समाज में सभी लोगों की समानता और सभी के प्रति दया और प्रेम दिखाने का ज्ञान दिया।' पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को उनकी जयंती

पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक का जीवन में बहुत ऊंचा स्थान होता है क्योंकि एक शिक्षक आपके जीवन के मार्ग को सही दिशा में आगे बढ़ाने में प्रेरणा देता है। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के लोग भी शिक्षकों की तरह हैं, जो विविधता में एकता का उदाहरण देते हैं। हमें हर समस्या से साहस के साथ लड़ने के लिए प्रेरित करते हैं और विनम्रता और तपस्या के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने विरोधियों को भी अपना शिक्षक मानता हूं, जो अपने आचरण, झूठ और शब्दों से मुझे सिखाते हैं कि मैं जिस रास्ते पर चल रहा हूं वह बिल्कुल सही है और हर कीमत पर उस पर आगे बढ़ते रहना है।'

सीएम केजरीवाल ने पीएम मोदी को कहा 'शुक्रिया', बोले आगे भी आपसे ऐसी ही मदद की दरकार है...

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें वह बड़े ही अलग अंदाज में नजर आए। आज उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस 400 इलेक्ट्रिक बसों को दिल्लीवालों को सौंपे जाने पर की थी। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार को भी शुक्रिया कहा, जिसकी वजह बड़ी दिलचस्प है। दरअसल केजरीवाल ने आज जनता को सौंपी गई 400 इलेक्ट्रिक

बसों पर दी गई सब्सिडी के लिए मोदी सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया, ये बसें सब्सिडी स्कीम की 921 बसों में शामिल हैं, जिनके लिए केंद्र सरकार की तरफ से 417 करोड़ की सब्सिडी दी गई है और दिल्ली सरकार 3674 करोड़ रुपए खर्च करेगी। केजरीवाल ने कहा कि इसके लिए हम केंद्र सरकार को शुक्रिया कहते हैं। हम तो चाहते हैं कि केंद्र हमें सभी बसों पर सब्सिडी दे दे। सरकार हमें भविष्य में भी ऐसे ही मदद करती रहे।

पूरे देश से ज्यादा हैं दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें- दिल्ली की सड़कों पर अब कुल 800 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं जो पूरे देश में सबसे ज्यादा हैं। हमारा लक्ष्य 2025 के आखिर तक दिल्ली की सड़कों पर कुल 8 हजार इलेक्ट्रिक बसें उतारने का है। उस वक्त दिल्ली में 10 हजार से ज्यादा बसें होंगी जिसमें 80% बसें इलेक्ट्रिक होंगी। बहुत जल्द पूरे विश्व में दिल्ली को अपनी शानदार इलेक्ट्रिक बसों के लिए भी जाना जाएगा।

रात्रिभोज के न्योते में 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल कांग्रेस ने लगाया 'इंडिया' शब्द हटाने का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस ने जी-20 सम्मेलन से पहले केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि जी-20 समिट के लिए नौ सितंबर को होने वाले रात्रि भोज के लिए जो निमंत्रण पत्र राष्ट्रपति भवन की तरफ से भेजे गए हैं, उनमें आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' को बदला गया है। रमेश का दावा है कि इसमें इंडिया शब्द को हटाया गया है और 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' का इस्तेमाल किया गया है। जयराम रमेश ने ट्वीट में संविधान का जिक्र करते हुए कहा, "इसके अनुच्छेद 1 में कहा गया है कि भारत, जो कि इंडिया था, वह राज्यों का संघ है। लेकिन अब तो राज्यों के संघ पर भी हमला किया जा रहा है।"

शशि थरूर बोले- सदियों में इंडिया से बनी देश की ब्रांड वैल्यू- इस पूरे विवाद पर कांग्रेस नेता शशि थरूर का भी बयान

आया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो इंडिया को भारत बुलाने पर कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है। यह देश के दो नामों में से एक है। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इतनी बेवकूफ नहीं होगी कि इंडिया नाम को पूरी तरह से हटा दे, जिसकी सदियों में बनी एक ब्रांड वैल्यू है। हमें दोनों ही नामों का इस्तेमाल जारी रखना चाहिए। एक नाम जो पूरी दुनिया में पहचाना जाता है।

इंडिया नाम से डरी है भाजपाः कांग्रेस- उधर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने संविधान में संशोधन कर इंडिया का नाम बदलने की अटकलों पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, इंडिया शब्द से यह सहम गए हैं। क्या वे इस हद तक चले जाएंगे कि वे संविधान बदल देंगे? संविधान में लिखा है, 'इंडिया दैट इज भारत'... भाजपा के अंदर का डर मोदी जी का भय दिखाता है। इधर INDIA का गठन हुआ उधर भाजपा का बोरिया बिस्तर समेटना शुरू हुआ... आप 'इंडिया' शब्द को धरती से नहीं मिटा सकते। हमें अपने भारत और इंडिया पर गर्व है।"

चुनौतियों से निपटने को वैश्विक सहयोग की आवश्यकता : वित्तमंत्री

मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जो कई चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है।

सभी चुनौतियों से निपटने को...- दरअसल, वित्त मंत्री सीतारमण ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 के चौथे संस्करण के उद्घाटन सत्र में पहुंची थीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम एक बहुत ही बहु-ध्रुवीय, बहुत गतिशील और मजबूत दुनिया में रह रहे हैं, जो कई संकटों का सामना कर रही है। ऐसे में वैश्विक सहयोग की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चाहे रणनीतिक मुद्दा हो, अर्थव्यवस्था का मुद्दा हो या कोई और। सभी से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है।

उत्तराधिकारी को जरूर करें नामांकित- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बैंकों और वित्तीय संस्थानों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि ग्राहक हमेशा अपने उत्तराधिकारी को नामांकित करें। इससे ऐसी स्थिति से बचा जा सकेगा, जिसमें लावारिस धन में कमी आएगी। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में सीतारमण ने कहा कि मैं चाहती हूं कि बैंकिंग प्रणाली, म्यूचुअल फंड, शेयर बाजार सहित वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र हर कोई यह ध्यान रखे कि जब कोई ग्राहक पैसे का लेनदेन करता है, तो संगठनों को भविष्य के बारे में सोचना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वे (ग्राहक) अपने उत्तराधिकारी को नामांकित करें, नाम और पता दें। दरअसल, कई बार लोग उत्तराधिकारी नामांकित नहीं करते हैं, जिससे उनके निधन के बाद उस धन पर दावा करने वाला कोई नहीं होता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अकेले बैंकिंग प्रणाली में 35,000 करोड़ रुपये से अधिक लावारिस जमा राशि है, जबकि लावारिस धन की कुल मात्रा 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

महिला आरक्षण विधेयक पर केंद्र सरकार के समर्थन में आए शरद पवार, बोले- बीजेपी बिल का सपोर्ट करेगी तो...

नई दिल्ली। महिला आरक्षण बिल को लेकर चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। दरअसल, उपराष्ट्रपति के महिला आरक्षण बिल को लेकर आए बयान के बाद से इसे लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। इसी बीच, कई नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा कि अगर भाजपा इस बिल पर समर्थन देगी, तो हम निश्चित रूप से इसका समर्थन करेंगे। हालांकि, इसको लेकर उन्होंने भाजपा पर निशाना भी साधा है। संसद के विशेष सत्र के दौरान लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के बीआरएस एमएलसी के कविता के अनुरोध पर एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा संसद में महिला आरक्षण देने की आवश्यकता है और इसके लिए क्या किया जाना चाहिए, इस पर चर्चा किया जा सकता है, लेकिन इसे पहले संसद में स्वीकार किया जाना चाहिए। अगर बीजेपी इस बिल का समर्थन करेगी, तो हम निश्चित रूप से इसका समर्थन करेंगे, लेकिन मेरा मानना है कि बीजेपी इस बिल को प्राथमिकता नहीं देगी। यह संसद के 5 दिवसीय विशेष सत्र में नहीं आएगा और अगर आएगा तो हम इसका समर्थन करेंगे। तमिलनाडु

के विरुधुनगर के कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने भी महिला आरक्षण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर संसद में इस विधेयक को लेकर आएगी, तो कांग्रेस और INDIA गठबंधन इसे स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा जिस तरह से तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (BRS) तेलंगाना में हारने वाली है, तेलंगाना की बहनें और माताएं बहुत बड़े पैमाने पर हराने जा रही हैं, इसलिए के कविता ने अब महिला आरक्षण नाम का हथियार उठाया है। उनके जैसे नेताओं के लिए यह सिर्फ एक नारा बनकर रह गया है। हम जानते हैं कि कविता और उनके पिता केसीआर ने राजनीतिक संरक्षण में महिलाओं का इस्तेमाल किया था।" उन्होंने कहा, "सोनिया गांधी ने हमेशा महिला आरक्षण के लिए आवाज उठाई है और यूपीए कार्यकाल के दौरान इसे राज्यसभा में पारित किया गया था। हम इसे लोकसभा में पारित नहीं कर सके, क्योंकि हमारे पास बहुमत नहीं थी, जब भी भाजपा संसद में विधेयक लाएगी, तो कांग्रेस और भारतीय गुट इसे खुशी से स्वीकार करेंगे।" महिला आरक्षण बिल पर राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि महिला आरक्षण बिल लाने से लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होंने इसके समर्थन में कहा यह बिल लंबे समय से लंबित है। हमारी पार्टी का मानना है कि महिला आरक्षण बिल का उद्देश्य लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। ST/SC महिलाओं के लिए एक जगह आरक्षित होना चाहिए। आरक्षण में आरक्षण मिलना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं होता है, तो हमें अगले 25 सालों तक एक और लड़ाई लड़नी होगी। हमें इस सत्र में 'आरक्षण के भीतर आरक्षण' के साथ महिला आरक्षण विधेयक लाना चाहिए और इसे पारित करना चाहिए। गौरतलब है कि महिला आरक्षण बिल यदि संसद में पारित हो जाता है, तो इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित हो जाएगी।

सनातन पर टिप्पणी : भड़के संत बोले, अगर सिर काटने के लिए 10 करोड़ कम हैं तो मै ईनाम बढ़ा दूंगा

लखनऊ। सनातन धर्म को खत्म हो जाने संबंधी टिप्पणी करने पर तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का सिर कलम करने पर 10 करोड़ रुपये का ईनाम देने की घोषणा करने वाले अयोध्या के संत परमहंस आचार्य ने कहा है कि अगर 10 करोड़ रुपये कम हैं तो मैं ईनाम बढ़ा दूंगा पर सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश में जो भी विकास हुआ है वो सनातन धर्म के कारण ही हुआ है। उदयनिधि को अपने बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने देश के 100 करोड़ हिंदुओं का अपमान किया है।

इस घोषणा पर उदयनिधि स्टालिन ने भी तंज कसा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 10 रुपये का कंघा ही काफी है। इसके पहले परमहंस आचार्य ने उदयनिधि स्टालिन के बयान से नाराज होकर कहा कि 'जो कोई भी स्टालिन का सिर कलम करके, मुझे लाकर देगा, मैं उसे 10 करोड़ रुपये का इनाम दूंगा। अगर किसी में स्टालिन को मारने की हिम्मत नहीं है तो मैं खुद उसे ढूंढकर उसे मार डालूंगा।' जब चेन्नई के एक कार्यक्रम में उदयनिधि स्टालिन से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'वह मुझे सनातन धर्म पर बात करने के लिए सिर के बाल संवारने को 10 करोड़ रुपये देंगे, इसके लिए 10 रुपये का कंघा ही काफी है।' बता दें कि तमिल भाषा में सिर शेव करने का मतलब बाल संवारना भी होता है। यही वजह है कि उदयनिधि ने कहा कि इसके लिए 10 रुपये ही काफी हैं। उदयनिधि ने कहा कि 'यह हमारे लिए नई बात नहीं है। हम उन लोगों में से नहीं हैं जो ऐसी धमकियों से डर जाएं। मैं उस कलाकार का पोता हूं, जिसने तमिल के लिए अपना सिर रेलवे ट्रैक पर रख दिया था।' बता दें कि उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और द्रविड़ राजनीति के दिग्गज एम करुणानिधि के पोते हैं।

संपादकीय

सनातन और दक्षिण भारत

दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री श्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म के बारे में जो टिप्पणी की है उसको लेकर उत्तर भारत के हिंदू संगठनों में रोष का वातावरण देखा जा रहा है। श्री उदयनिधि स्टालिन तमिलनाडु की सरकार पर काबिज पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम की युवा इकाई के महासचिव भी हैं। इस पार्टी का इतिहास सामाजिक गैर बराबरी और जातिवाद के विरुद्ध रहा है। दक्षिण में सामाजिक विषमता को खत्म करने के लिए इस पार्टी का इतिहास बहुत ही प्रशंसनीय रहा है। परंतु इसका अर्थ यह नहीं है कि इस पार्टी के लोग सनातन धर्म के बारे में अनाप-शनाप टिप्पणियां करें। उदयनिधि को इस बारे में खुलासा करना चाहिए की सनातन धर्म में जो जातिवाद की व्यवस्था है और पंडित को पूजने का जो विधान है वह उसके विरुद्ध है। समाज में हर व्यक्ति सबसे पहले इंसान होता है और उसके बाद उसकी जाति या वर्ण चिन्हित होता है। सनातन धर्म कितना प्राचीन है या कितना पुराना है सवाल यह नहीं है बल्कि सवाल यह है कि इसकी मान्यताएं क्या है? यदि इस धर्म में मनुस्मृति जैसी पुस्तक को मान्यता दी जाती है तो वह उचित नहीं है क्योंकि इसमें मनुष्यों के बीच वर्ण व्यवस्था लागू करते हुए उन्हें जातियों में बांटा गया है और जन्मजात जाति के आधार पर शूद्र और ब्राह्मण के वर्गों में स्थित किया गया है। इसी के आधार पर उनके कार्य व्यवहार और शिक्षा लेने की विधि भी बताई गई है। शूद्र को केवल समाज की सेवा के कार्यों के योग्य ही समझा गया जबकि ब्राह्मण को ज्ञान का भंडार बताया गया। यह आधुनिक समाज में किसी भी तरीके से स्वीकार्य नहीं हो सकता। महात्मा गांधी से लेकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और दक्षिण के पेरियार ने इसी व्यवस्था का विरोध किया और शूद्र कहे जाने वाले व्यक्तियों को समाज में ब्राह्मण के बराबर स्थान देने की वकालत करते हुए कहा की ज्ञान जब जन्म से शूद्र पैदा हुआ है व्यक्ति पा लेता है तो वह ब्राह्मण कर्म से विभूषित हो जाता है। जन्म से ना कोई ब्राह्मण है ना शूद्र है। जन्म से प्रत्येक व्यक्ति मानव है और मानव धर्म ही सर्वोच्च है। अतः उदय निधि को अपनी व्याख्या में यह स्पष्ट करना चाहिए था। सामाजिक न्याय का अर्थ किसी धर्म को ऊंचा या नीचा दिखाना नहीं हो सकता बल्कि सभी धर्म के मानवीय गुणों को सतह पर लाना हो सकता है। इसमें राजनीति का कोई प्रश्न ही पैदा नहीं होता। भारत में 19वीं शताब्दी से जो धार्मिक व सामाजिक सुधार हुए हैं उनका हिंदू धर्म मानने वाले लोगों से विशेष वास्ता रहा है। चाहे उत्तर हो या दक्षिण-पूर्व हो या पश्चिम भारत के हर क्षेत्र में समाज सुधारक और प्रगतिशील विचारक पैदा हुए जिन्होंने हिंदू समाज को आगे बढ़ाने की कोशिश की। चाहे साहू जी महाराज हो या महात्मा फुले अथवा राजा राममोहन राय हो या पेरियार या फिर स्वामी दयानंद सभी ने हिंदू समाज में फैली कुरीतियां और पाखंडवाद के खिलाफ आवाज उठाई तथा समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया। 21वीं सदी में हमें यह सोचना होगा कि हम इसी दिशा में और आगे किस प्रकार बढे, ना कि पोगा पंथी और पाखंडवाद को बढ़ावा देते हुए पिछली शताब्दियों की ओर मुडें.। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि धर्म में असमानता या गैर बराबरी आधुनिक समाज स्वीकार नहीं कर सकता और जो धर्म ऐसा करने की हिदायत देता हो उसे हम वैज्ञानिकता से परे कहेंगे।भारतीयों की वैज्ञानिकता अथवा उनके विज्ञान के ज्ञान पर संदेह करने का कोई कारण नहीं बनता है क्योंकि सनातन धर्म में पहला अवतार जल में मत्स्य अवतार कहा गया है और 1850 के करीब जब डार्विन ने अपनी समाज के विकास की परिकल्पना दी तो कहा कि मनुष्य का विकास सबसे पहले जल में पैदा हुए जंतु से ही हुआ। जब सन् 1200 के करीब भारत पर आक्रमण करने वाले मोहम्मद गौरी के साथ उसका विद्वान दरबारी अलबरूनी आया तो उसने कहा कि भारतीयों के विज्ञान का ज्ञान बहुत ऊंचा है, मगर वह इसके साथ अंधविश्वास को जोड़ देते हैं। इतिहास कुछ सबक लेने के लिए होता है, अतः हिंदू समाज को अपने भीतर भी झांक कर देखना चाहिए और अपनी विशेषताओं का ध्यान रखना चाहिए। बेशक उत्तर भारत के कुछ कट्टरपंथी या हिंदूवादी नेता श्री उदय निधि के बयान में राजनीति देख सकते हैं और इसका संबंध अन्य राजनीतिक दलों से भी स्थापित करने की कोशिश कर सकते हैं मगर हकीकत यह है की सनातन धर्म को पुनः स्थापित करने का काम दक्षिण के ही आदि शंकराचार्य ने आठवीं सदी में किया था।

चल रही बयार !

इस नाम से बोलना ।
चल रही बयार ।।
अपनी-अपनी बातों पर ।
हैं सारे तैयार ।।
रोज रोज कुछ नया ।
जाता मुद्दा मिल ।।
है सबका अधिकार ।
किस पर किसका दिल ।।
है हट कर तरकीब ।
रहे वो ऐसा मान ।।
खोया जनाधार जो ।
है आना आसान ?
जूझ रहे हैं मिल कर ।
सफल हो जुगाड़ ।।
ले चुके हैं करवट ।
देंगे झंडे गाड़ ।।

–कृष्णेन्द्र राय

योगी की 'ब्राह्मण विरोधी' छवि से चिंतित आलाकमान ने दिनेश शर्मा पर खेला दांव!

अजय कुमार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी कार्यशैली के द्वारा काफी सुर्खियां बटोर रहे हैं। योगी की छवि एक सख्त शासक के रूप में बनी है। यूपी की कानून व्यवस्था की मिसाल अन्य राज्यों में दी जाती है। योगी के छहः वर्षों से अधिक के कार्यकाल में सीएम पर एक भी भ्रष्टाचार या भाई भतीजावाद का अरोप नहीं लगा है। योगी को जातिवाद की सियासत से ऊपर देखा जाता है। कहा जाता है कि योगी की कोई जाति नहीं होती है, लेकिन इससे इतर राजनीति के गलियारों में अक्सर योगी पर आरोप लगता रहता है कि वह निष्पक्ष नहीं हैं, उनकी सरकार में क्षत्रियों को बढ़ावा मिलता है, जबकि ब्राह्मण नेताओं के साथ योगी के संबंध अच्छे नहीं रहते हैं।

योगी की ब्राह्मण विरोधी इमेज उनके पहले कार्यकाल से ही बनने लगी थी, जब मोदी के करीबी पूर्व नौकरशाह को योगी ने तमाम चचाओं के बाद भी अपने मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया था। यह छवि माफिया विकास दुबे के एनकाउंटर के बाद और भी पुख्ता हो गई। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में उप मुख्यमंत्री रहे दिनेश शर्मा से इस्तीफा लेना भी ब्राह्मण समाज को रास नहीं आया था, यह और बात थी कि एक और ब्राह्मण चेहरे बृजेश पाठक को उनकी जगह डिप्टी सीएम बनाकर कुछ हद तक इस नाराजगी को कम कर लिया गया था। बहरहाल, एक तरफ जहां योगी विरोधी उन पर ब्राह्मण विरोधी होने का आरोप लगाते रहते हैं तो दूसरी तरफ केन्द्र की मोदी सरकार लगातार इस कोशिश में जुटी हुई है कि किस तरह से ब्राह्मणों की नाराजगी कम की जाए, इसीलिए लखीमपुरी खीरी के सांसद और मोदी सरकार में मंत्री अजय

मिश्र टेनी को उनके बेटे के कारनामों के बाद भी मंत्रिमंडल से बाहर नहीं किया गया। अजय मिश्र के पुत्र अशीष मिश्र ने आंदोलन कर रहे किसानों पर अपनी जीप चढ़ा दी थी जिसमें कई लोगों की मौत हो गई थी। इसी प्रकार जब यूपी के कद्दावर ब्राह्मण नेता और कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में उम्र कैद की सजा काट रहे अमरमणि त्रिपाठी को जेल से बाहर लाने का रास्ता प्रशस्त करने की जरूरत पड़ी तो योगी सरकार ने बिना किसी अड़ंगे के उनकी रिहाई के लिए सहमति दे दी।

अब पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा को राज्यसभा भेजकर एक बार फिर ब्राह्मणों को मनाने की कोशिश की गई है। भारतीय जनता पार्टी ने डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित किया है। राज्यसभा उप चुनाव को लेकर उम्मीदवार के नाम पर पिछले दिनों मंथन चल रहा था। केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से डॉ. दिनेश शर्मा के नाम पर मुहर लगा दी गई। भाजपा ने इस कदम से प्रदेश के ब्राह्मण वोट बैंक को बड़ा संदेश देने की कोशिश की है। योगी आदित्यनाथ सरकार के पहले कार्यकाल में डॉ. दिनेश शर्मा को डिप्टी सीएम बनाकर भाजपा ने संदेश दिया था। डॉ. शर्मा को ग्रासरूट से जुड़ा नेता माना जाता है। लखनऊ के मेयर से लेकर उन्होंने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तक का सफर तय किया है। इन दिनों वे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने में जुटे हुए हैं। उनके राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने से उनके समर्थकों के बीच एक बड़ा संदेश जाएगा।

गौरतलब हो कि यूपी से राज्यसभा की एक सीट खाली है। दरअसल, ये सीट बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन के बाद खाली हो गई थी। इसी साल 26 जून को हार्ट अटैक की वजह से दिल्ली के अस्पताल में उनका निधन हो गया था। अब इस सीट के लिए उपचुनाव की घोषणा हुई है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह के हस्ताक्षर से दिनेश शर्मा के नाम का ऐलान किया गया। इसके साथ ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दिनेश शर्मा को लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा भेजकर पार्टी की ओर से बड़ी रणनीति तैयार की जा रही है। इस सीट पर चुनाव आयोग की ओर से 15 सितंबर को उप चुनाव कराने का ऐलान किया गया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के तहत 5 सितंबर तक इस सीट के नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 6 सितंबर को नामांकन की जांच होगी। 8 सितंबर तक नाम वापस लिए जाएंगे। 15 सितंबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे। शाम 5 बजे वोटों की गिनती के बाद परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

डॉ. दिनेश शर्मा को यूपी के ब्राह्मण वोट बैंक के बीच अच्छी पैठ के लिए जाना जाता है। अपने सरल स्वभाव के लिए वे जाने जाते हैं। उनके मिजाज को कार्यकर्ता खासा पसंद करते हैं। वे योगी सरकार के 2017 से 2022 तक के कार्यकाल में उप मुख्यमंत्री की भूमिका में थे। यूपी चुनाव 2022 के बाद से वे संगठन के कार्य में लगे हुए थे। 12 जनवरी 1964 को डॉ. शर्मा का लखनऊ में जन्म हुआ था। वे लगातार दो बार लखनऊ के मेयर रह चुके हैं। साथ ही, वे लखनऊ यूनिवर्सिटी में कॉमर्स के प्रोफेसर भी हैं। दिनेश शर्मा के पिता भी आरएसएस से जुड़े हुए थे।

चुनावों का खर्चा या सस्ते चुनाव

आदित्य चोपड़ा

एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में गठित आठ सदस्यीय समिति में शामिल होने से लोकसभा में कांग्रेस के नेता श्री अधीर रंजन चौधरी ने यह कहते हुए इन्कार कर दिया है कि समिति का सन्दर्भ विषय इस तरह का है कि पहले से ही इसका निष्कर्ष तय हो जाये। श्री चौधरी के कहने का मतलब है यह समिति बनाई ही गई है एक देश-एक चुनाव की सिफारिश करने के लिए। बेशक श्री चौधरी के इस मत से असहमति जताई जा सकती है मगर मूल प्रश्न यह है कि हम बात किस प्रकार के चुनाव सुधारों की कर रहे हैं? भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेडकर ने जब पूरा संविधान लिख लिया तो 25 नवम्बर, 1949 को उन्होंने इस बारे में जो भाषण दिया वह बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें भारत की चुनाव प्रणाली के संरक्षक चुनाव आयोग को भारतीय लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ बताया गया था। दरअसल भारतीय लोकतन्त्र मूलतः जिन चार खम्भों पर बाबा साहेब खड़ा करके गये वे न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका व चुनाव आयोग थे। इनमें से दो कार्यपालिका व विधायिका सरकार का हिस्सा थे और दो चुनाव आयोग व न्यायपालिका सरकारी अंग न होकर स्वतन्त्र व स्वायत्तशासी थे जो सीधे संविधान से शक्ति लेकर अपने दायित्वों का निर्वाह करते चले आ रहे हैं। आजादी के बाद शुरू के तीन दशकों तक चुनाव आयोग की भूमिका बहुत पारदर्शी और शुचितापूर्ण इस प्रकार रही कि भारत की बहुदलीय राजनैतिक व्यवस्था में इसके द्वारा भेदभाव किये जाने की कोई संभावना ही नहीं थी अतः समाजवादी नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने लोकतन्त्र में स्वतन्त्र प्रेस (मीडिया) को चौथा खम्भा कहना शुरू कर दिया और यह धीरे-धीरे स्थापित भी होता चला गया। 1969 तक चुनाव आयोग को लेकर कहीं कोई विवाद या खबर बामुश्किल ही अखबारों की सुर्खियां बन पाई। इस साल जब पहली बार कांग्रेस पार्टी का विभाजन हुआ तो लोगों को पता लगा कि कोई एस.पी. सेन वर्मा नाम का व्यक्ति मुख्य चुनाव आयुक्त भी है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के विवाद पर अपना फैसला देकर न्यायपूर्ण व्यवहार किया और लोगों की वाहवाही लूटी। मगर 1974 में

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जब दिल्ली सदर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद स्व. अमरनाथ चावला का चुनाव केवल इसलिए अघोषित किया कि उन्होंने अपने चुनाव में चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित धनराशि से अधिक खर्च किया है तो प्रधानमन्त्री इदिरा गांधी ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम - 1951 में संशोधन करके यह प्रावधान किया कि किसी भी प्रत्याशी के चुनाव पर यदि उसका कोई मित्र अथवा उसकी पार्टी जो भी खर्च करेगी वह उसके चुनाव खर्च में शामिल नहीं किया जायेगा तो भारत में चुनाव लगातार महंगे और खचीर्ले होते गये और चुनाव खर्च सीमा का कोई मतलब ही नहीं रहा। अतः 1974 में ही शुरू हुए जयप्रकाश नारायण के कथित सम्पूर्ण क्रान्ति आन्दोलन का मुख्य एजेंडा यह भी बना कि चुनावों को सस्ता बनाने के लिए सरकार संवैधानिक उपाय करे और जनता को चुने हुए प्रतिनिधियों को वापस बुलाने का अधिकार भी मिले। जय प्रकाश नारायण ने चुनाव सुधारों की सख्त जरूरत बताई और जनता का आह्वान किया कि वह इसकी आवाज पुरजोर तरीके से उठाये। जेपी ने चुनाव सुधारों के लिए बम्बई उच्च न्यायालय ने अकाश प्राप्त मुख्य न्यायाधीश श्री वी.एम. तारकुंडे की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जिसने आंशिक रूप से सरकारी खर्च से चुनाव कराये जाने के बारे में सिफारिशें भी दीं। जब तक ये सिफारिशें आयी तब तक जेपी आन्दोलन में शामिल पंचमेल पार्टी जनता पार्टी की सरकार मोरारजी देसाई के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज हो गई थी। इस सरकार ने तारकुंडे समिति की रिपोर्ट को रद्दी की टोकरी में डालते हुए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त श्री एस.एल. शकधर के नेतृत्व में एक चुनाव सुधार आयोग का गठन कर दिया। जब तक इसकी रिपोर्ट आयी तब तक 1980 में केन्द्र में इन्दिरा जी की सरकार पुनः आ गई और शकधर रिपोर्ट का वहीं हश्र हुआ जो तारकुंडे समिति की रिपोर्ट का हुआ था। इसके बाद केन्द्र में कांग्रेस सरकार ने गोस्वामी समिति का गठन चुनाव सुधारों पर किया और इसकी कुछ सिफारिसों को लागू भी किया मगर चुनावों के लगातार महंगे और खचीर्ला होने से रोकने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। असली सवाल जहां का तहां रहा कि एक नगर पालिका से लेकर विधानसभा और लोकसभा का प्रत्याशी अपने चुनाव पर बेतहाशा धन खर्च कर सकता था। जिसकी वजह से चुनाव लगातार महंगे होते गये क्योंकि इसकी जड़ में अभी तक वह कानून मौजूद है कि प्रत्याशी का निजी खर्च उसके मित्र व पार्टी द्वारा किये गये खर्च के घेरे में नहीं आयेगा। इसलिए असली समस्या तो यही है जिसे हमें हल करना है मगर हम सिर में दर्द है तो इलाज पैरों का कर रहे हैं और एक देश-एक चुनाव की बात कर रहे हैं। कहां तो बात चली थी कि चुनाव सरकारी खर्च से ही होने चाहिए और इसके लिए पृथक से एक कोष स्थापित केन्द्र सरकार को गठित करना चाहिए जिससे गरीब से गरीब राजनैतिक रूप से सजग व्यक्ति भी चुनाव में खड़ा हो सके और जनता का सच्चा प्रतिनिधित्व कर सके मगर हम आज बात ही सरकारी खर्च को कम करने की कर रहे हैं जबकि राजनीति को बुरी तरह धनतन्त्र और धन्ना सेठों ने अपनी कृपा का पात्र बना लिया है। चुनाव सस्ते बनाने का सम्बन्ध एक बारगी ही पूरे देश में चुनाव कराने से कैसे हो सकता है जबकि विधानसभा के चुनाव में ही एक प्रत्याशी करोड़ों रुपए खर्च करता हो और ग्राम पंचायत के चुनाव में भी लाखों रुपए खर्च किये जाते हों।

विपक्षी गठबंधन को तीन सवालों के जवाब जल्द से जल्द ढूँढ़ने होंगे

डॉ. आशीष वशिष्ठ

विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक हाल ही देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले महानगर मुंबई में संपन्न हुई। विपक्षी गठबंधन की ये तीसरी बैठक थी। पहली बैठक जून में पटना में, जबकि दूसरी बैठक जुलाई में बेंगलुरु में हुई थी। जहां इसे इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) नाम दिया गया। तीन बैठकों के बाद भी विपक्ष तीन सवालों से लगातार मुंह चुरा रहा है या फिलवक्त वो इन सवालों का जवाव ढूंढ़ नहीं पाया है। पहला प्रश्न यह है कि प्रधानमंत्री पद का चेहरा कौन? दूसरा प्रश्न है, सीट बंटवारा कब तक? और अंतिम एवं तीसरा प्रश्न है कि गठबंधन का संयोजक कौन?

मुंबई बैठक में एक बार फिर ये भाव उभरकर आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से हटाने के लिए गैर भाजपाई दलों की एकता ही एकमात्र उपाय है। विपक्ष की तीसरी बैठक में तीन संकल्पों पर सहमति बनी। इंडिया के सभी दल लोकसभा चुनाव साथ मिलकर लड़ेंगे। सीट शेयरिंग के बारे में सभी दल जल्द ही सहमति से फैसला लेंगे। सभी पार्टियों के नेताओं से कहा गया कि वह सहयोगी दलों को कितनी सीटें दे सकते हैं, इस पर जल्द से जल्द अपना पक्ष रखें। इंडिया के नेता पूरे देश में एक साथ रैली करेंगे। विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक से हासिल क्या हुआ ये कह पाना तो कठिन है लेकिन जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया, जैसा नारा जरूर तय हो गया। इंडिया गठबंधन की ये सबसे बड़ी चुनौती इस समय चल रही है। कैमरे के सामने सभी एकजुट होने का दावा जरूर कर रहे हैं, लेकिन अंदर खाने काफी कुछ चल रहा है। उन तमाम गतिविधियों की वजह से ही अब तक कई चीजों पर आम सहमति बनती नहीं दिख रही है। सबसे पहले इंडिया को ये तय करना था कि उसका संजोयक कौन बनने जा रहा है। कोई बहुत बड़ा सवाल नहीं था, इस पर ज्यादा विवाद भी नहीं होना था। लेकिन 26 पार्टियों वाला ये विशाल कुनबा इस सवाल का जवाब भी नहीं खोज पाया।

संयोजक के नाम पर एक राय न होने की वजह साफ है कि विभिन्न नेताओं की महत्वाकांक्षाओं में टकराव है। वैसे तो सभी नेता कहते रहे हैं कि वे इस पद हेतु दावेदार नहीं हैं किंतु वास्तविकता ये है कि कांग्रेस येन केन प्रकारेण अपना संयोजक बनाना चाहती है किंतु आम आदमी पार्टी जैसे छोटे दल भी कांग्रेस की अगुवाई में काम करने के इच्छुक नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के संयोजक के रूप में सबसे पहले

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम चल रहा था। उनकी तरफ से क्योंकि इस विपक्षी एकता की रूपरेखा रखी गई, उन्होंने ही शुरूआत में कई नेताओं से मुलाकात कर सियासी पिच खड़ी करने की तैयारी की, ऐसे में उन्हें ये मौका मिल सकता था। लेकिन जब तक ये अटकलें और ज्यादा जोर पकड़तीं, नीतीश ने मुंबई बैठक से पहले ही साफ कर दिया कि उन्हें इस पद की कोई लालसा नहीं है। वे तो किसी भी पद की उम्मीद में नहीं बैठे हैं। उन्हें तो बस विपक्ष को एकजुट करना है। जबकि असलियत यह है कि नीतीश कुमार संयोजक बनने के लिए लालायित हैं। लेकिन अंदरूनी तौर पर बिहार सरकार में ही उनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव उनके नाम पर तैयार नहीं हैं। लालू नीतीश को राष्ट्रीय नेता बनते नहीं देखना चाहते। इसी कड़ी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ने जोर पकड़ना शुरू किया। सूत्रों से यहां तक खबर मिलने लगी कि मुंबई बैठक में मल्लिकार्जुन खड़गे को ये अहम जिम्मेदारी दे दी जाएगी। लेकिन ऐन वक्त पर पता चला कि मुंबई बैठक में संयोजक का ऐलान नहीं किया जाएगा। एक परेशानी ये भी है कि यदि मल्लिकार्जुन खरगे या नीतीश संयोजक बनते हैं तो ये शरद पवार खेमे को ये नागवार गुजरेगा।

अभी तक हो रही देरी को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया गया है, किसी तरह का कारण भी सामने नहीं आया है। इसी वजह से जानकार मान रहे हैं कि अंदरूनी झगड़ों से बचने के लिए अब तक इंडिया गठबंधन के संयोजक का ऐलान नहीं किया गया है। एक के नाम पर मुहर लगने का मतलब है दो अन्य का नाराज होना। इस स्थिति से लगातार बचने के चलते नाम के ऐलान से भी खुद को दूर रखा जा रहा है। ऐसे में इंडिया के लिए संयोजक तय करना मुश्किल होता जा रहा है। इंडिया गठबंधन के साथ चेहरे को लेकर भी दुविधा खड़ी हो रही है। चेहरे से मतलब है कि पीएम मोदी के खिलाफ किसे विपक्ष अपना पीएम उम्मीदवार दिखाने वाला है। अब ये सवाल भी अपने आप में बड़े सियासी तूफान को जन्म दे सकता है। इस बारे में अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही पचास से ज्यादा नेता इंडिया की बैठक में शामिल होते हैं किंतु जब मोदी के मुकाबले के लिए किसी को सामने लाने का सवाल उठता है तब एक खालीपन महसूस होने लगता है। गठबंधन में ये डर भी देखा जा रहा है कि संयोजक को प्रधानमंत्री पद का चेहरा मान लिए जाने से पूरा मुकाबला इकतरफा हो जाएगा क्योंकि चेहरे और व्यक्तित्व के मामले में प्रधानमंत्री मोदी पूरे विपक्ष पर भारी पड़ते हैं। संयोजक के नाम पर आम राय और विपक्ष का चेहरा कौन होगा के अलावा ऐसी ही परेशानी सीटों के बंटवारे को लेकर है। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बैठक में ये मांग कर डाली कि इस मुद्दे पर तत्काल फैसला किया जाए। लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई। जिस तरह की जानकारी अंदरखाने से आई हैं उसके अनुसार कांग्रेस संयोजक और सीट बंटवारे को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव तक टालना चाहती है। दरअसल उसे उम्मीद है कि वह कर्नाटक की तरह से ही उक्त तीनों राज्य जीतने जा रही है। और तब संयोजक और सीट बंटवारे के निर्णय में उसका हाथ ऊपर रहेगा।

कृष्णोत्सव महारास का दिव्य आयोजन सजायी गयी झांकियां, लोगों ने लिया आनन्द

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जय श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा वर्ष का सबसे बड़ा कार्यक्रम श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कृष्णोत्सव महारास वृंदावन कलाकार दानी शर्मा ग्रुप की अलौकिक प्रस्तुतिया, प्रभु की रथयात्रा, डांडिया क्वीन, हांडी फोड़ो, बच्चों के गेम्स, कृष्ण बाल स्वरूप फैंसी ड्रेस सहित अनेकों प्रतियोगिताओं से सजा यह उत्सव अदभुत रहा ` श्री कृष्णा जन्मोत्सव, जल विहार की मनोरम झाँकी,लड्डू गोपाल की शोभायात्रा, गंगा आरती, झूलनोत्सव, होली, श्रीनाथ जी की दिव्य झांकी व मनोहारी सजावट, कान्हा जी को भोग व आरती के साथ ही खूबसूरत बागीचा, गंगा जी के तट पर, नेचुरल सेल्फी पोंइट्स व दिव्य मनोरम स्थान सुपर कॉटेज, मैसूर गार्डन से भी सुन्दर बागीचा तपोभूमि रिसोर्ट करसना में 600 से ज्यादा सदस्यो ने खूब आनंद के साथ प्रभु का जन्मोत्सव मनाया` सभी पुरुष गुलाबी धोती दुपट्टा व कुर्ता में और सभी महिलाएं ट्रेडिशनल गुलाबी परिधान

खूब जच रही थी सभी प्रतियोगिताओं के विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कृत किया गया` कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मंत्री रविंद्र जायसवाल रहे एवं विशिष्ट अथिति समाजसेवी आर के चौधरी एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार यादवेश , शशिधर ईश्वर सहित अनेकों विशिष्ट जनो की मौजूदगी रही संस्था के संस्थापक संजीव अग्रवाल ने सभी का स्वागत किया धन्यवाद प्रकाश विपिन अग्रवाल ने किया। सयोंजकगण किशोर खंडेलवाल, आयुष बूबना, विकास तिवारी, शालिनी गुप्ता, डॉ राजेश अग्रवाल, कविता जुगनू, आशा रस्तोगी, कपिल सलूजा, दीपिका केसरी, आकांक्षा पंड्या ,नितिन यादव, राजेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा` शानदार संचालनं शालिनी शाह, इंदू सिंह, सौरभी भारद्वाज, महेश चौधरी व पंकज अग्रवाल ने किया गीतेश मित्तल, अजीत दीक्षित अर्चना प्रवीण अग्रवाल, वंदना खरवार, चंद्रशेखर राय का बस सेवा में सहयोग अतुलनीय रहा` अरविंद जैन, प्रदीप मल्होत्रा, बृजेश लोड़, माधव पटेल, पलाश अग्रवाल ,अभिषेक भट्टाचार्य सहित अनेको लोग मौजूद रहे` श्रीनाथ जी का स्वरूप में आदविक भट्टाचार्य व गणेश वंदना की प्रस्तुति में आशा रस्तोगी की बच्ची ने सबका मन मोह लिया` इस अवसर पर विपिन, मुकेश व राजेश जी के सुंदर बगीचे तपोभूमि रिसोर्ट का औपचारिक उद्घाटन भी हुआ।

खाद्य कारोबार से जुड़े, कारोबारकर्ता एवं मेडिकल स्टोर के पंजीकरण का आयोजन कल

प्रखर, पूर्वांचल, मऊ। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र० लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार खाद्य कारोबारकताओं द्वारा आन लाईन अनुज्ञप्ति / पंजीकरण प्राप्त करने हेतु कल दिनांक 06 सितम्बर 2023 को गृहस्थ प्लाजा, गाजीपुर तिराहा, मऊ पर प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक विभाग की तरफ से एक कैम्प का आयोजन किया गया है। जनपद के खाद्य कारोबार से जुड़े, मेडिकल स्टोर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली मध्यान्ह भोजन योजना सहित समस्त खाद्य कारोबारी जिन्होंने अब तक अनुज्ञप्ति / पंजीकरण प्राप्त नहीं किया है अथवा उनका प्रमाण पत्र कालातीत हो चुका है या उनका कारोबार अनुज्ञप्ति की श्रेणी का है और उनके पास पंजीकरण प्रमाण पत्र है, वे इस कैम्प के माध्यम से अपना आवेदन करा सकते हैं। आवेदन कराने हेतु खाद्य कारोबारकर्ता को अपने आधार कार्ड की छाया प्रति एक पासपोर्ट फोटो तथा दुकान के पते का प्रमाण-पत्र यथा किरायानामा / बिजली के बिल को साथ में लाना अनिवार्य है। ऐसे खाद्य कारोबारकर्ता जिनका वार्षिक टर्नओवर 12 लाख से अधिक है, उनके लिए अनुज्ञप्ति शुल्क रू0 2000 प्रतिवर्ष तथा जिन खाद्य कारोबारकताओं का वार्षिक कारोबार रू0 12 लाख से कम है, उनके लिए पंजीकरण शुल्क रू0 100 प्रतिवर्ष निर्धारित है। ऐसे खाद्य कारोबारी जो अनुज्ञप्ति की श्रेणी (टर्न ओवर 12 लाख से अधिक) में आते हैं और उन्होंने आन-लाईन पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया है वे तत्काल अनुज्ञप्ति प्राप्त कर लें टर्न ओवर 12 लाख से अधिक होने के बावजूद यदि खाद्य कारोबारी द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र पर खाद्य कारोबार किया जा रहा है तो ऐसे पंजीकरण प्रमाण पत्र को अवैध मानते हुये बिना अनुज्ञप्ति खाद्य कारोबार के संचालन के जुर्म में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं में नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी। भविष्य में बिना अनुज्ञप्ति / पंजीकरण प्राप्त किये यदि किसी भी खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा कारोबार करते हुये पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

मोबाइल की दुकान में हुई चोरी की घटना का अनावरण, 03 शातिर चोर गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। थाना राजगढ़ पर दिनांकः 23.08.2023 को वादी सुनील कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी सेमरी सरसो राजगढ़ द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपनी मोबाइल की दुकान में चोरी हो जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । उक्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर मु0अ0सं0-120/2023 धारा 380 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी । थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आयें घटना से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों 01. विराट उर्फ मुलायम बिन्द पुत्र शिवालाल बिन्द, 2.पवन कुमार पुत्र सरजू बिन्दु, 3.रामभवन बिन्दु पुत्र राजा राम बिन्द निवसीगण पैगापुर थाना चुनार जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से मु0अ0सं0-120/2023 धारा 380,411,457 भादवि से सम्बन्धित चोरी की 19 अदद मोबाइल फोन, 01 स्मार्ट वाँच, 01 अदद ईअर बर्ड व 01 अदद पावर बैंक बरामद किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है तथा चोरी की घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन संख्याःवढ 63 अ 8365 के वैध कागजात प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में घटना को स्वीकार करते हुए बताया गया कि हम लोगो का एक गिरोह है जो सुनियोजित ढंग से दिन में रेकी कर मोबाइल आदि की दुकान से मौका देख सेंध मार कर चोरी कर लेते है ।

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पुनः जिलाध्यक्ष बने आरिफ खान

प्रखर जौनपुर। कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने सोमवार को पत्र जारी करके आरिफ खान को पुनः अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है सूचना प्राप्त होते ही उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है। ज्ञातव्य होकि 2 सितम्बर को समाजवादी पार्टी को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में आये हुए मोहम्मद आजम खान को कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने जौनपुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया था जबकि नि वर्तमान जिलाध्यक्ष आरिफ खान ही थे।

बालाजी कार्यदायी संस्था का 3 करोड़ का भुगतान लटका

प्रखर जौनपुर। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में कार्यदायी संस्था बालाजी का तीन करोड़ से अधिक बकाया फंसा है । संस्था भुगतान के लिए वह मेडिकल कॉलेज परिसर में जमी हुई है। और ठेकेदारों व श्रमिको का भी लाखों रुपए का भुगतान लटका हुआ है। जिससे अधिकारियों का घेराव कर परिसर खाली करने से जबरन रोक दिया। उधर बिना टेंडर के दूसरी कंपनी काम भी शुरू कर दिया है। उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में अब नए निर्माण एजेंसी ने काम शुरू किया है। वहीं इसके पूर्व बालाजी को काम की जिम्मेदारी 2016 से दी गई थी। बीच मे 3 साल का बजट ना होने के कारण काम रूक गया था ।फिर कोरोना काल के चलते भी समस्याओं का सामना करना पड़ा । महंगाई के चलते रेट रिवाइज के लिए भी कार्यदायी संस्था ने शासन से अनुरोध किया। इस बीच उन्होंने करीब 60 फीसदी भवनो का निर्माण पूरा किया और मेडिकल की पढ़ाई भी शुरू हो गई। लेकिन शासन की नजर मे संस्था मे खामिया कमियां देखी और शासन ने बालाजी एजेन्सी से काम करने के बजाय बाहर का रास्ता दिखा दिया। और नई निर्माण एजेंसी को बिना टेंडर के काम सौंप दिया। एसबीआईपीएल यानी बाला जी कार्यदायी संस्था का अप्रैल से करीब तीन करोड़ का भुगतान नही किया गया है। कंपनी की ओर से बिल भी सबमिट कर दी गई ,लेकिन भुगतान फसा है और बालाजी के पीछे स्थानीय कंक्रीट सप्लायर व लेबर ठेकेदारों का बकाया है ।जिसके लिए वह बालाजी के अधिकारियो का घेराव कर भुगतान की मांग की और परिसर खाली करने से जबरन रोक दिया। बालाजी की ओर से हवाला दिया गया कि इस समय उसके यहां कोई साइट पर लेबर नहीं है सिर्फ 4 से 5 स्टाफ है और उनका भुगतान होते ही सबका भुगतान कर वह परिसर खाली कर देंगे। रेट रिवाइज बालाजी के ही टेंडर अनुरोध पत्र पर हुआ, टेंडर विस्तार हुआ, लेकिन शासन ने अचानक बिना टेंडर की दूसरी कंपनी को काम दे दिया और कंपनी सवा महीने में धीमी गति से काम कर रही है।

हमारा 3 करोड़ का भुगतान अभी नहीं हुआ है बिल हमने सबमिट कर दिया है और लोकल श्रमिकों का बकाया है उनका भी भुगतान करना है। जिस दिन सबका भुगतान हो जाएगा उसे दिन हम परिसर खाली कर देंगे । बगैर टेंडर के दूसरी कंपनी को काम दिया गया है जो उचित नहीं है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन अक्टूबर में : दुर्गेश श्रीवास्तव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की जिला इकाई की बैठक मंगलवार को विकासभवन में हुई, जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। पुरानी पेंशन की बहाली नहीं कर रही है सरकार। इतना ही नहीं केंद्र सरकार भत्तों को जारी करने का आदेश दे दिया है। योगी सरकार ने भी कहा है, लेकिन अभी तक नहीं मिला है। ऐसे में कर्मचारियों गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्थान, पंजाब, झारखंड समेत कई राज्यों में इसको लागू कर दिया गया लेकिन यूपी सरकार हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने को विवश होगा।इसके अलावा राज्य कर्मचारियों को केन्द्र के समान भत्तों की मांग, पं. दीनदयाल उपाध्याय कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना एवं वेतन विसंगतियों का निस्तारण की मांग रखी जाएगी, परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि परिषद हमेशा अपने मांगों को लेकर के अनवरत आंदोलन करते चल रहा है अब आंदोलन को जनमानस तक पहुंचाने के लिए आवश्यकता पड़ी तो रोड पर संघर्ष किया जाएगा बैठक के अन्त में सभी समस्या का निर्णय लिया गया कि अक्टूबर माह में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का द्विवार्षिक अधिवेशन कराया जाएगा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद (तिवारी गुट) के कार्यवाहक अध्यक्ष सुभाष सिंह ने मंगलवार को संगठन से इस्तीफा दे दिया। जिससे संगठन को जोरदार झटका लगा है। सुभाष सिंह ने पूर्व

जिलाध्यक्ष पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि संगठन में पदाधिकारियों की कोई अहमियत नहीं है। केवल स्वयंभू बनकर संगठन चलाया जा रहा है। छह वर्षों से संगठन केवल कागजों में दौड़ रहा है। विभागों में अधिकारी संगठन की कोई मांगों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिससे वह क्षुब्ध होकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद (तिवारी गुट)के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देते हुए संगठन छोड़ दिया हूं। सुभाष सिंह ने कहा कि वह जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए हर संघर्ष में साथ देंगे । जिले में कर्मचारियों की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कर्मचारियों की अपनी जायज मांगों को सरकार से लेकर ही रहेंगे। चाहे उसके लिए कितना भी संघर्ष करना पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि किसी अधिकारी से डरने की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी अपनी हठ धर्मिता को छोड़ कर्मचारियों की जायज मांगों को पूरा करें। उक्त बैठक में अरविंद सिंह, एस0पी0 गिरी, ओंकारनाथ पांडे, जयप्रकाश, नमो नारायण राय, अश्वनी सिंह, दिवाकर सिंह, दिवाकर सिंह ,चंदन राम, रमेश चंद्र, गिरजा शंकर कुशवाहा, राजेश कुमार, अजीत विजेता, अभय सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप सिंह, प्रवीण सिंह, राम अवतार, राजेश श्रीवास्तव, बृजेश यादव,देवेंद्र मोर्य, जितेंद्र सिंह, रामाशीष शर्मा, धर्मराज सिंह, चंद्रिका यादव,वरुण प्रताप सिंह, अखिलेश कुमार, शैलेंद्र नाथ राय, राजेश दुबे, प्रफुल्ल राय, लोग उपस्थित रहे,बैठक की अध्यक्षता दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव व संचालन आलोक राय ने किया।

कड़ी निगरानी में पीयू में हुई एमएड प्रवेश परीक्षा

प्रखर जौनपुर । वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों की एम.एड प्रवेश परीक्षा 2023 मंगलवार को परिसर के इंजीनियरिंग और फामेर्सी संस्थान केंद्र पर आयोजित की गई। यह परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से 1:00 बजे तक हुई। सघन

तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा के लिए दोनों केंद्रों पर कुल 987 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था, इसमें कुल 744 विद्यार्थी उपस्थित हुए। परीक्षा के दौरान परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और सहायक कुलसचिव बबिता सिंह भी निगरानी कर रहीं थीं। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के निर्देश पर परीक्षा कड़ी निगरानी के बीच शुरू हुई। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी पारदर्शी और सुचिता के साथ हो। डॉ. अमरेंद्र सिंह फामेर्सी संस्थान में केंद्राध्यक्ष हैं। यहां उपकुलसचिव अमृतलाल और डॉ. मनीष कुमार गुप्ता को पर्यवेक्षक के रूप में निगरानी कर रहे थे। इस केंद्र पर 500 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था लेकिन 380 परीक्षार्थी ही सम्मिलित हो सके। इसी प्रकार इंजीनियरिंग संस्थान में डॉ. राजकुमार केंद्राध्यक्ष थे यहां पर्यवेक्षक के रूप में प्रो. देवराज सिंह और सहायक कुलसचिव अजीत सिंह रहे। इस केंद्र पर 487 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था मगर 364 परीक्षार्थियों ने ही भाग लिया। दोनों केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियो रिकॉर्डिंग के बीच बुकलेट और ओएमआर शीट खोली गई। केंद्रों पर पर्यवेक्षक के रूप में प्रोफेसर देवराज सिंह, सहायक कुलसचिव अजीत कुमार, डॉ मनीष कुमार गुप्ता उप कुलसचिव अमृत लाल निगरानी कर रहे थे।

वेलफेयर क्लब के कजरी महोत्सव आयोजन में धरती पर उतरा स्वर्ग

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कजरी महोत्सव अंतर्गत राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन रामदूत इंटरनेशनल स्कूल मिश्रवलिया में किया गया। प्रतियोगिता में जनपद भर के विभिन्न विद्यालयों से आये हुये प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया कप्रतियोगिता में कक्षा एल केजी से 4 तक के नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं ने राधा कृष्ण की मनोहारी झांकी प्रस्तुत की ऐसा लग रहा था मानो गाजीपुर की धरती पर स्वर्ग उतर गया हो।

राधा कृष्ण का वेश धारण कर प्रतियोगियों ने उपस्थित जन को आश्चर्यचकित कर दिया क इस प्रतियोगिता में जनपद भर से 327 जोड़ो ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवम वर्तमान अध्यक्षा सरिता अग्रवाल के प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि ने राधा कृष्ण के रूप मे उपस्थित प्रतियोगियों की आरती कर सभी प्रतियोगियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वेलफेयर क्लब जिले की एकमात्र ऐसी संस्था है जो नौनिहालों से लेकर हर उम्र के छात्र छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। राधा कृष्ण प्रतियोगिता में जनपद भर के दूर क्षेत्रों आए हुए प्रतियोगी बच्चो ने यह साबित कर दिया की क्लब का प्रयास पूरी तरह से सफल है। उन्होंने क्लब के कार्यकताओं को साधुवाद देते हुए वेलफेयर क्लब के उज्जवल भविष्य की कामना किया। निर्णायक मंडल सदस्य के रूप में मंजू विश्वकर्मा, बबिता पांडेय एवं सुषमा यादव उपस्थित रही।

निर्णायक मंडल के अनुसार प्रथम स्थान पर अव्या सिंह श्लोक यादव सूरज इंटरनेशनल स्कूल कासिमाबाद, परी राय अहम यादव अवध इंटरनेशनल स्कुल फिरोजपुर, सृष्टी कृषभ सन्त कबीर पब्लिक स्कूल तुलसीसागर, सना जुबैदा सर्वोदय पब्लिक स्कूल आदर्श बाजार, परी वर्मा अभिनव यादव एवरग्रीन पब्लिक स्कूल मिरनपुर, अर्पिता यादव आर्यन कुशवाहा अग्रसेन पब्लिक स्कूल अंधऊ का चयन किया गया जबकि द्वितीय स्थान के लिए आर्या प्रांजल मेरी सिटी स्कूल फुल्लनपुर, श्रीजा श्रीवास्तव वेदिका चंद्रावली शिक्षा निकेतन, निधि अंशिका गौरी शंकर पब्लिक स्कूल, आस्था खुशी श्री राम पब्लिक स्कूल शास्त्रीनगर, अंशिका यादव समर्थ बाजपेयी डिवाइन हार्ट पब्लिक स्कूल अगस्ता, खुशी अनन्या एस एन इंटरनेशनल स्कूल महाराजगंज रहे कइसी प्रकार तीसरे स्थान के लिए अनिका श्रेया मार्टिन्स चिल्ड्रेन एकेडमी भावरकोल, आराध्या सत्यम सनराइज पब्लिक स्कूल जंगीपुर, अदविका गोल्डी रजत स्वामी विवेकानंद शिक्षा निकेतन, रिद्धि कश्यप श्रेयांश पासवान का चयन किया गया। अतिथियों का स्वागत जनपद गवर्नर पवन पाण्डेय एवम अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रिंकू यादव ने किया जबकि महिला प्रकोष्ठ सचिव शहाना जहां ने विद्यालय के प्रबन्धक सुरेन्द्र यादव एवं अतिथियों का स्वागत किया जबकि निर्णायक मंडल के सदस्यों का स्वागत क्लब क्लब पीआरओ सूर्य रेख मणि तथा संयुक्त सचिव रामनाथ कुशवाहा ने किया।

इस अवसर पर आदित्य कुशवाहा, शिवम त्रिपाठी, सुरेश गुप्ता,राम कुमार विश्वकर्मा , राहुल प्रताप मिश्रा,अजय यादव आदि उपस्थित रहे कक्लब आडिटर डा0 जितेन्द्र कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को कुलपति ने किया नमन

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया.उन्होंने कहा कि देश के प्रथम उप राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक आदर्श शिक्षक थे उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का अनुसरण करना चाहिए. विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में भी विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया. इसके पूर्व कुलपति प्रो वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंद किशोर सिंह, महामंत्री रमेश यादव, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, रजनीश सिंह ने भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की मूर्ति पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

एडवांस मेडिकल इंजिनीरिंग के निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अजय दूबे को उड़ान - डेयर टू ड्रीम-2023 सम्मान से किया गया सम्मानित

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। एडवांस मेडिकल इंजिनीरिंग के निदेशक, रोटेरियन व वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अजय दूबे को गोरखपुर में स्थित एक होटल में जी टीवी मिडिया द्वारा आयोजित उड़ान - डेयर टू ड्रीम-2023 सम्मान से सम्मानित किया गया` यह सम्मान उनके द्वारा किये गए बायो मेडिकल इंजिनीरिंग व डिवाइस और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनका तथा उनकी संस्था एडवांस मेडिकल इंजिनीरिंग द्वारा मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक व बायोमेडिकल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य व योगदान हेतु प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता व मीडिया विश्लेषक शेखर सुमन तथा उनके साथ उपस्थित गोरखपुर के सांसद व भोजपुरी अभिनेता रवि किशन के द्वारा प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी को ट्विटर पर मिली धमकी, एफआईआर दर्ज

प्रखर पूर्वांचल, मऊ। विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन के दृष्टिगत दिनांक 4 सितंबर 2023 को जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार द्वारा शाम को कई बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कार्यों का जिलाधिकारी के ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट के उपरांत ज्योति यादव नाम से संचालित ट्विटर अकाउंट द्वारा जिलाधिकारी को धमकी भरा कमेंट प्रेषित किया गया। मामला संज्ञान पर में आने पर चुनाव के दृष्टिगत गठित एमसीएमसी के पटल प्रभारी राघवेंद्र पांडे द्वारा ज्योति यादव के खिलाफ थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506,507,171 एफ,171 जी के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई।

केक काटकर विद्यार्थियों ने मनाया शिक्षक दिवस

प्रखर खेतासराय(जौनपुर) । शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए सफल कार्यक्रम के लिए सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली में शिक्षक दिवस हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया। सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली जौनपुर के प्रांगणमें डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके बारे में सभी छात्राओं को जानकारी दी इसी के साथ पूर्व एमएलसी रहे स्वर्गीय पंचानन राय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया सभी अध्यापक एवं कर्मचारियों द्वारा दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया प्रधानाचार्य ने शिक्षक दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर राधाकृष्णन जी के विचारों को छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया शिक्षक हितेषी रहे स्वर्गीय पंचानन राय जी की जीवनी पर चर्चा करते हुए शिक्षकों के लिए हमेशा विधानसभा और विधान परिषद में संघर्ष करने वाले ऐसे महापुरुष पंचानन राय जी को भी इस मौके पर याद किया गया उनकी पुण्यतिथि को केर्षोल्लाष के साथ मनाया गया कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार जी ने किया इस मौके पर दिनेश कुमार गुप्ता, अनुराग कुमार यादव, अभिषेक मिश्रा, प्रधान लिपिक ,अनिल कुमार सिंह ,मनोज कुमार सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजेश कुमार यादव एवं फर्स्ट ऑफिसर विनोद कुमार मिश्रा का योगदान सराहनी रहा इस मौके पर विद्यालय के सभी अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे प्रधानाचार्य ने सभी छात्राओं एवं शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए सफल कार्यक्रम के लिए आभार ज्ञापित आभार ज्ञापित किया। इसी के साथ 98 यूपी बटालियन एनसीसी जौनपुर के कमान अधिकारी कर्नल निकत सिंह नेगी के दिशा निर्देशन में एनसीसी कैडेट द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिक्षक दिवस की बधाई दी सर्वोदय इंटर कॉलेज खुदौली के प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी ऑफिस में पी स्टाफ ईडर अमरीक सिंह एवं हवलदार राजेश यादव जी के साथ मिलकर एनसीसी अधिकारी कैप्टन राजेश कुमार यादव एवं फर्स्ट ऑफिसर विनोद कुमार मिश्रा के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया साथ में कजरी, ठुमरी,भजन आदि से दर्शन गण को मंत्रमुग्ध करने का अद्भुत प्रयास किया गया

प्रखर वाराणसी। काशी रस के रूप में काशीकेय संस्कृति के नवीन स्वरूप को जन सामान्य से अवगत करवाने एवं भावी पीढ़ी को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर वाराणसी श्री अशोक मुथा जैन जी की परिकल्पना को सुबह - ए - बनारस अस्सी घाट पर साकार किया जा रहा है इसमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन सुबह- ए- बनारस के सचिव एवं संस्थापक डॉ रत्नेश वर्मा जी ने दिया है। भादो मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि में शास्त्रीय एवं उप शास्त्रीय गायिका सुश्री आराधना विश्वकर्मा, ग्वालियर से ऋचा अग्रवाल,श्री सूर्यांश रमन ने कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया साथ में कजरी, ठुमरी,भजन आदि से दर्शन गण को मंत्रमुग्ध करने का अद्भुत प्रयास किया। तबले पर श्री अनंग गुप्ता , श्री हर्ष यादव, हारमोनियम पर मनोहर कृष्ण श्री सूर्यांश रमन उपस्थित रहे। संचालन सीमा केसरी ने किया। संयोजन पंडित अंशुमान महाराज जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन श्री श्याम कुमार केसरी , श्री नन्द लाल सिंह, श्री राज कुमार वर्मा चौकी इंचार्ज अस्सी ने किया।

रोगाणुरोधी प्रतिरोध की निगरानी के किफायती तरीके का परीक्षण



बांडुंग (360 इन्फो)। इंडोनेशिया के शोधकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की निगरानी के एक किफायती तरीके का परीक्षण किया है जो विकासशील देशों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है। इंडोनेशिया के शोधकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध में परिवर्तन को मापने के लिए एक किफायती, प्रभावी, अपेक्षाकृत त्वरित विधि प्रणाली का परीक्षण किया है जो विकासशील देशों को वैश्विक खतरे के रूप में देखी जाने वाली समस्या से लड़ने में मदद कर सकता है।

इस प्रणाली में छोटे नमूना आकारों का उपयोग करके जनसंख्या के रोगाणुरोधी प्रतिरोध का आकलन किया जा सकता है। पिछले महीने स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक में इस खतरे से व्यापक रूप से निपटने की प्रतिबद्धता के बाद जी20 के लिए यह अच्छी खबर है। रोगाणुरोधी प्रतिरोध रोगाणुओं में उन दवाओं के प्रभाव को रोकने की क्षमता है जो उन्हें मारने के लिए होती हैं। इससे संक्रमण का इलाज करना कठिन हो जाता है और लंबे समय तक अस्पताल में रहना, अधिक महंगी देखभाल और मृत्यु का खतरा बढ सकता है। इंडोनेशिया में रोगाणुरोधी प्रतिरोध का उच्च स्तर अब एक 'मूक महामारी' बनता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 'सुपरबग' के बढ़ने से 2050 तक वैश्विक स्तर पर प्रति वर्ष एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है और विश्व अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। कई अन्य देशों की तरह, रोगाणुरोधी दवाओं का अनुचित उपयोग और प्रतिरोध को उत्प्रेरित करने वाले खराब स्वच्छता और वायु प्रदूषण जैसे अन्य कारक इंडोनेशिया में प्रचलित हैं। 2015 में 68वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर वैश्विक कार्य योजना को अपनाया। यह बढ़ी हुई वैश्विक निगरानी के महत्व पर जोर देता है, खासकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, जहां यह एक प्रमुख चिंता का विषय है।

'सुपरबग' के बढ़ने से 2050 तक वैश्विक स्तर पर प्रति वर्ष एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है और विश्व अर्थव्यवस्था पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में होगा नागफनी रोपण

संभावना तलाशने के लिए कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी (कैक्टस) के रोपण को बढ़ावा देने पर सरकार विचार कर रही है।

नई दिल्ली, (भाषा)। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बंजर भूमि को पुनः उपजाऊ बनाने, आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ जैव ईंधन के उत्पादन की संभावना तलाशने के लिए कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी (कैक्टस) के रोपण को बढ़ावा देने पर सरकार विचार कर रही है। सिंह ने बताया कि राजस्थान के हिंगोनिया में इस्कॉन गौशाला के आसपास 'स्पाइनलेस कैक्टस' लगाने की एक पायलट परियोजना वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का लगभग 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र बंजर भूमि की श्रेणी में है।

सिंह ने कहा, "हम बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और नागफनी एक ऐसा पौधा है जो बहुत कम सिंचाई के साथ उग सकता है। यह जमीन में कार्बन को सोखने के लिए भी जाना जाता है और ऊर्जा वाला पौधा है जिसका उपयोग मीथेन के उत्पादन के लिए किया जा सकता है...।"

उन्होंने कहा, "इसलिए हम ऐसे क्षेत्रों में कैक्टस के बागान लगाने की योजना बना रहे हैं। एक पायलट परियोजना जयपुर के पास (हिंगोनिया में) शुरू की गई है।' ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भू संसाधन विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के 'वाटरशेड डेवलपमेंट शेड' के माध्यम से बंजर भूमि को उपजाऊ भूमि की श्रेणी में लाने का काम सौंपा गया है। मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि जैव ईंधन, भोजन, चारा और जैव-उर्वरक उत्पादन के लिए इसके उपयोग के वास्ते बंजर भूमि पर कैक्टस रोपण की संभावना का पता लगाया जा रहा है।

अब गया में भी ऑनलाइन पिंडदान

पटना, (आईएएनएस)। इस साल पितृपक्ष में मोक्षस्थली के रूप में चर्चित बिहार के गया में आप अपने पूर्वजों की मुतात्मा की शांति के लिए पिंडदान करना चाहते हैं और गया नहीं पहुंच पा रहे हैं, तो परेशानी की कोई बात नहीं। अब आप देश - विदेश में घर बैठे भी ई पिंडदान के जरिए मुतात्मा की शांति के लिए पिंडदान कर सकते हैं। सरकार ने ऐसे लोगों के

लिए यह सुविधा प्रारंभ की है जो विदेश में रहते हैं। इस साल 28 सितम्बर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है, जो 14 अक्तूबर तक चलेगा। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने इस बार ई पिंडदान के अलावा स्पेशल टूर पैकेज की भी घोषणा की है। निगम की ओर से जारी ई-पिंडदान पैकेज के तहत पंडा द्वारा विष्णु पद मंदिर, अक्षय वट एवं फल्गु नदी के किनारे पिंडदान किया जाएगा। उसकी विडियो रिकार्डिंग कराई जाएगी, जो पेन ड्राइव के माध्यम से संबंधित श्रद्धालु को पंडा द्वारा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए श्रद्धालुओं को 20,476 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। इसमें पूजन सामग्री एवं पंडित का दक्षिणा भी शामिल किया गया है। इसमें टैक्स सहित कुल मिलाकर ई-पिंडदान पर 23 हजार रुपए का पैकेज तैयार किया गया है।

स्पेस एक्स कैप्सूल से लौटे चार अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने से पहले उन्होंने कहा कि मार्च में आईएसएस पर पहुंचने के बाद वह गर्म पानी से स्नान, गर्म कॉफी से भरे कप और समुद्री हवाओं के लिए तरस रहे थे।

केप केनवरल (अमेरिका) (एपी)। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर छह महीने रहने के बाद चार अंतरिक्ष यात्री सोमवार तड़के धरती पर लौट आए। उनका 'स्पेस एक्स' कैप्सूल फ्लोरिडा तट से दूर अटलांटिक सागर में पैराशूट से उतरा। नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और वॉरेन 'वुडी' होबर्ग, रूस के आंद्रेई फेदयेव और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सुल्तान अल-नेयादी इस अंतरिक्ष अभियान को पूरा करने के बाद धरती पर लौटे। अल-नेयादी कक्षा में इतना लंबा समय बिताने वाले अरब दुनिया के पहले व्यक्ति हैं। अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने से पहले उन्होंने कहा कि मार्च में आईएसएस पर पहुंचने के बाद वह गर्म पानी से स्नान, गर्म कॉफी से भरे कप और समुद्री हवाओं के लिए तरस रहे थे। हालांकि, खराब मौसम के कारण उनकी वापसी में एक दिन की देरी हुई।'स्पेस एक्स' ने एक सप्ताह पहले इन अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेने वाले अन्य यात्रियों को आईएसएस पर भेजा था। इस महीने के अंत में आईएसएस के क्रू में एक और बदलाव होगा, जिसके तहत दो रूसी और एक अमेरिकी वैज्ञानिक की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी होगी, जो पूरे साल अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे हैं।



हम अपने आस-पास बदलाव ला सकते हैं: शाहरुख

मुंबई (भाषा)। अभिनेता शाहरुख खान ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'जवान' महिला सशक्तिकरण और अधिकारों के लिए लड़ाई के बारे में है। तमिल फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्देशित 'जवान' एक ऐसे व्यक्ति के भावनात्मक सफर को दर्शाती है, जो समाज की कुरीतियों को दूर करना चाहता है। एक्शन थ्रिलर 'जवान' सात सितम्बर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसकों के साथ एक सवाल-जवाब सत्र (आस्क एसआरके) में शाहरुख से पूछा गया कि वह 'जवान' के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "यह फिल्म दिखाती है कि कैसे हम बतौर नागरिक अपने आस-पास वे बदलाव ला सकते हैं, जो हम लाना चाहते हैं। महिलाओं को सशक्त बनाना और अधिकारों के लिए लड़ाई।"

निर्माण कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'जवान' की निर्माता गौरी खान और फिल्म के सह-निर्माता गौरव वर्मा हैं। फिल्म में विजय सेतुपति और नयनतारा मुख्य किरदार में हैं, साथ ही दीपिका पदुकोण विशेष भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में अभिनेत्री सान्या मलहोत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लहर खान, आलिया कुरैशी, रिद्धी डोगरा, सुनिल ग्रोवर और मुकेश छाबड़ा जैसे कलाकार भी हैं।

फिल्म फुकरे 3 का पोस्टर रिलीज

मुंबई (वार्ता) वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म में चूचा का किरदार निभाने वाले वरुण शर्मा ने फुकरे 3 की पूरी कास्ट का लुक अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। फिल्म फुकरे 3 की पूरी कास्ट के पोस्टर को शेयर करते हुए वरुण शर्मा ने कैप्शन में लिखा, फुकरे की गैग के साथ इस अंतिम जुगाड़ के लिए तैयार हो जाइये।'फुकरे-3'का ट्रेलर 05 सितंबर को रिलीज होगा।

गदर 2 ने की 500 करोड़ की कमाई

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 ने 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। गदर 2'ने पहले सप्ताह में 284 करोड़ की कमाई की थी। गदर 2 एक-एक कर कई रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है।इस फिल्म ने 24 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। शाहरुख खान की पठान ने 28 दिनों में 500 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म'बाहुबली 2'ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 34 दिनों में 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था।

'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई(वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म'चंद्रमुखी 2'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। ट्रेलर में कंगना रनौत काफी प्रभावी नजर आ रही है। कंगना फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में है। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे है।यह फिल्म 15 सितम्बर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

एक्स पर वीडियो दर्शकों की संख्या दोगुनी

नई दिल्ली, (आईएएनएस)। एलन मस्क ने सोमवार को घोषणा की कि एक्स कॉर्प (औपचारिक रूप से ट्विटर) पर वीडियो दर्शकों की संख्या पिछले साल से लगभग दोगुनी हो गई है। मस्क ने पिछले साल अक्टूबर में 44 बिलियन डॉलर में सोशल मीडिया नेटवर्क का अधिग्रहण किया था।

एक्स के सीईओ लिंडा याकारिनो ने यह भी कहा कि पिछले साल की तुलना में वीडियो स्ट्रीमिंग में काफी वृद्धि हुई है। मस्क ने कहा, एक्स पर वीडियो दर्शकों की संख्या पिछले साल से लगभग दोगुनी हो गई है। एफ1 रेसर मैक्स वेरस्टैपेन द्वारा रविवार को इटालियन ग्रां प्री में नया फॉर्मूला एक रिकॉर्ड स्थापित करने के बाद एकेरिनो ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने पोस्ट किया, चारों ओर रिकॉर्ड: वेरस्टैपेन। एफ1।

पिछले साल की तुलना में एक्स वीडियो व्यूज में 90 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले महीने, मस्क के स्वामित्व वाली एक्स ने घोषणा की थी कि प्रीमियम ग्राहक अब प्लेटफ़ॉर्म पर लंबे वीडियो पोस्ट कर सकते हैं। 1080पी गुणवत्ता के दो घंटे तक या 720पी गुणवत्ता की तीन घंटे की सामग्री। इसके अलावा, भुगतान करने वाले उपयोगकर्ताओं के पास अब अपनी टाइमलाइन से अपने कैमरा रोल तक वीडियो डाउनलोड करने की क्षमता है और अब वे पोस्ट किए गए वीडियो के लिए डाउनलोड विकल्प को सक्षम/अक्षम कर सकते हैं। कंपनी जल्द ही वीडियो और ऑडियो कॉल फीचर जोड़ेगी, जो आईओस, एंड्राइड, मैक और पीसी पर सपोर्ट करेगा। मस्क ने कहा कि कॉल करने के लिए किसी फोन नंबर की जरूरत नहीं होगी।

इसरो अभियानों की उल्टी गिनती को आवाज देने वाली

महिला वैज्ञानिक का निधन

बेंगलुरू (भाषा)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चंद्रयान-3 अभियान सहित इसके कई अभियानों की उल्टी गिनती के लिए अपनी आवाज देने वाली वैज्ञानित एन. वलारमती का चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसरो के अधिकारी ने बताया कि वलारमती ने चेन्नई के अस्पताल में अंतिम श्वांस ली। बताया जाता है कि 'चंद्रयान-3' उनका आखिरी उल्टी गिनती कार्यक्रम था।

वलारमती के निधन के बाद कई लोगों ने संवेदनाएं प्रकट कीं। उनके निधन पर दुख जताने वालों में केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर भी शामिल थे। अधिकतर लोगों ने कई प्रक्षेपणों के दौरान इसरो के श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में मिशन नियंत्रण केंद्र से गूंजती उनकी उलटी गिनती को याद किया। इसरो के पूर्व निदेशक डॉ. पी वी वेंकटकृष्णन ने कहा, "श्रीहरिकोटा से इसरो के भविष्य के मिशनों की उलटी गिनती के समय अब वलारमती मैडम की आवाज नहीं सुनाई देगी।"उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "चंद्रयान 3 उनकी अंतिम उलटी गिनती की घोषणा थी। अप्रत्याशित निधन। बहुत दुख हो रहा है।

वलारमती ने चेन्नई के अस्पताल में अंतिम श्वांस ली। बताया जाता है कि 'चंद्रयान-३' उनका आखिरी उल्टी गिनती कार्यक्रम था

प्रणाम।" अपने सोशल मीडिया पोस्ट में चंद्रशेखर ने वलारमती के निधन पर दुख व्यक्त किया। उद्यमिता, कौशल विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने कहा, "चंद्रयान 3 सहित इसरो के कई प्रक्षेपण कार्यक्रम की उल्टी गिनती के पीछे उनकी आवाज होती थी। एन. वलारमती जी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ।"उन्होंने कहा, "उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति।"

कनाडा के वैंकूवर में हवाई अड्डे पर दो विमान टकराए

ओटावा, (एजेंसी)। कनाडा में स्थित वैंकूवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विमानों में टक्कर हो गयी। सीटीवी न्यूज द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट के अनुसार यह घटना रविवार को अपरान्न में घटित हुई। एयर कनाडा रूज एयरबस ए319 के विंगटिप, जैज एयर कनाडा एक्सप्रेस क्यू400 के विंग से टकरा गया।यात्री बाल-बाल बच गए। क्यू400 विमान उड़ान भरने के लिए गेट के पास खड़ा था। इस घटना में कोई भी यात्री या ग्राउंड स्टाफ घायल नहीं हुआ। विमान ए319 के यात्रियों को अन्य विमान द्वारा उनके गंतव्य पर ले जाया गया जबकि विमान क्यू400 ने तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी।

यूक्रेन के रक्षा मंत्री रेजनिकोव बर्खास्त

कीव, (एजेंसी)। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव को उनके पद से बर्खास्त किया है, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने इसकी घोषणा की है। ओलेक्सी रेजनिकोव की जगह यूक्रेन के राज्य संपत्ति कोष चलाने वाले रुस्तम उमेरोव यूक्रेन के रक्षा मंत्री का स्थान ग्रहण करेंगे। फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत से पहले से ही श्री रेजनिकोव ने रक्षा मंत्रालय का नेतृत्व किया था, लेकिन रात्रिकालीन संबोधन में,इस फैसले की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि यह रक्षा मंत्रालय में 'नए दृष्टिकोण' का समय है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने राजधानी कीव से संबोधन में कहा कि मेरा मानना है कि मंत्रालय को सेना व समाज दोनों के साथ नए दृष्टिकोण और वार्ता के अन्य प्रारूपों की आवश्यकता है।

अब सीकर में कोचिंग स्टूडेंट ने किया सुसाइड

सीकर, (एजेंसी)। राजस्थान में कोटा के बाद अब सीकर से भी कोचिंग स्टूडेंट की सुसाइड का मामला सामने आया है। सोमवार दोपहर बाद सीकर में मेडिकल की तैयारी कर रहे एक छात्र ने अपने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। मिली जानकारी के अनुसार स्टूडेंट काफी देर से अपने कमरे में बंद था। जब साथी छात्रों ने कमरे का गेट काफी देर तक बंद देखा तो हॉस्टल संचालक को मामले की जानकारी दी। फिर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस हॉस्टल से स्टूडेंट की डेडबॉडी बरामद की। बताया गया कि छात्र अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटकता मिला. मृतक स्टूडेंट की पहचान कौशल कुमार के रूप में हुई है। कौशल कुमार राजस्थान के करौली जिले के रायसना गांव का रहने वाला था।

कश्मीर में ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज

श्रीनगर, (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोमवार को बांदीपोरा जिले में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक कुख्यात ड्रग तस्कर के दो बैंक खाते फ्रीज किये। पुलिस ने कहा कि अशाम हाजिन निवासी इराहाद अहमद नामक कुख्यात ड्रग तस्कर के तीन लाख से अधिक रुपये की बचत वाले दो बैंक खाते एनडीपीएस अधिनियम के तहत फ्रीज कर दिए गए हैं। आरोपी का एक ऑटो लोड कैरियर भी जब्त कर लिया गया।

आज का इतिहास

- **1666:** इंग्लैंड के लंदन में भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
- **1836:** मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
- **1839:** चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
- **1882:** अमेरिका में पहला श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
- **1885:** अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
- **1887:** इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।

चीफ जस्टिस ने रात में लगाई कोर्ट, सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज, (ब्यूरो)। अयोध्या में 30 अगस्त की सुबह सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में एक महिला कॉन्स्टेबल खून से लथपथ मिली थी। सीट के नीचे मिली कॉस्टेबल के कपड़े अस्त-व्यस्त थे। ट्रेन में खून फैला था। चेहरे पर चाकू के गहरे निशान थे।

ट्रेन में खून से लथपथ मिली थी महिला

महिला कॉन्स्टेबल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खुद इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर ने रविवार रात 9 बजे स्पेशल बेंच गठित की और अपने सरकारी आवास पर मामले की सुनवाई की। बेंच ने घटना पर नाराजगी जताते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। इसके बाद सोमवार दोपहर फिर सुनवाई हुई।

मामले की अगली सुनवाई 13 सितंबर को

चीफ जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर और जस्टिस आशुतोष श्रीवास्तव की बेंच ने सुनवाई की। बेंच ने राज्य सरकार और रेलवे से जवाब मांगा। कोर्ट ने पूछा-घायल महिला सिपाही केस में अब तक क्या एक्शन हुआ, इस पर एसपी रेलवे ने जानकारी दी। कोर्ट ने ट्रेन में सुरक्षा इंतजाम की जानकारी मांगी। पूछा- जीआरपी और आरपीएफ उस समय कहां थी? हाईकोर्ट वर्तमान में चल रही जांच से संतुष्ट है। अगली सुनवाई के लिए 13 सितंबर की डेट तय की है। कोर्ट में शासकीय अधिवक्ता एके संड भी मौजूद रहे। कोर्ट ने रविवार को हुई सुनवाई के दौरान जांच से जुड़े किसी सीनियर अफसर को भी पेश होने का आदेश दिया है।

पीएम मोदी ने 9 सालों से एक भी दिन की नहीं ली छुट्टी

2014 में संभाली थी सत्ता, तबसे लगातार काम कर रहे, आरटीआई से हुआ खुलासा

● नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की सत्ता संभालने के बाद से पिछले 9 सालों में एक भी दिन छुट्टी नहीं ली है। सरकार ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जवाब में यह बात कही है। जानकारी में कहा है, पीएम हर समय ड्यूटी पर रहते हैं।

पुणे के आरटीआई एक्टिविस्ट प्रफुल सारदा ने पीएमओ में आरटीआई दायर कर यह जानकारी मांगी थी। आरटीआई का जवाब पीएमओ के अवर सचिव परवेश कुमार ने दिया। वे आरटीआई प्रश्नों का जवाब देने वाले संबंधित मंत्रालय के सेंट्रल पब्लिक इनफॉर्मेशन ऑफिसर (सीपीआईओ) हैं। छुट्टी रिकॉर्ड के बारे में जानकारी इस ऑफिस के रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। हालांकि यह कहा जा सकता है कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभालने के बाद से कोई छुट्टी नहीं ली है।

चंद्रकांत पाटिल का दावा, पीएम सिर्फ दो घंटे सोते हैं

पिछले साल महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने दावा किया था कि पीएम मोदी सिर्फदो घंटे सोते हैं। 2016 में इसी तरह की एक आरटीआई का भी ऐसा ही जवाब मिला था। उस समय एक आरटीआई आवेदक ने देश के प्रधानमंत्री और कैबिनेट सचिवालय से छुट्टी नियमों और प्रक्रियाओं की एक प्रति मांगी थी। पीएमओ ने जवाब में कहा था प्रधानमंत्री को हर समय ड्यूटी पर कहा जा सकता है।

जवाब को असम के सीएम हेमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर शेयर किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा # MyPmMyPride.

2016 में आवेदक ने यह भी जानना चाहा था कि क्या पूर्व प्रधानमंत्रियों मनमोहन सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी, एचडी देवेगौड़ा, आईके गुजराल, पीवी नरसिम्हा राव, चन्द्रशेखर, वीपी सिंह और राजीव गांधी ने कोई छुट्टी ली थी?

क्या इसका कोई रिकॉर्ड है। जवाब में कहा गया था पिछले प्रधानमंत्रियों के

विदेश मंत्री जयशंकर ने की थी मोदी की तारीफ

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में बताया था कि पीएम कैसे काम करते हैं। बैंकॉक में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा था, मुझे लगता है कि इस समय पीएम मोदी जैसा व्यक्ति होना देश का बहुत बड़ा सौभाग्य है और मैं ऐसा इसलिए नहीं कह रहा हूं क्योंकि वे आज के पीएम हैं और मैं उनके मंत्रिमंडल का सदस्य हूं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि जब आपके सामने सदी में एक बार होने वाली स्वास्थ्य चुनौती (कोरोना) होती है, तो केवल वही व्यक्ति जो इतना जमीन से जुड़ा हो, कह सकता है कि ठीक है स्वास्थ्य संबंधी चुनौती है। लेकिन काम से घर जाने वाले व्यक्तियों के लिए क्या किया जाएगा, आप उन्हें खिलाने के लिए क्या करेंगे, आप उनके खाते में पैसे कैसे डालेंगे, महिलाएं पैसे का बेहतर प्रबंधन करेंगी, यह किसी के मन में नहीं आया होगा? ये केवल मोदी ही थे जो इस लेवल पर बात करते थे।

उदयनिधि बोले- सनातन धर्म पर जो कहा, वही बार-बार दोहराऊंगा

भाजपा नेता इंडिया गठबंधन पर लगातार साध रहे निशाना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सनातन धर्म को लेकर दिए बयान पर विवादों मे घिरे तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन का एक और बयान सामने आया है, जिसमें वो खुद को अपनी बात पर अड़िग बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने एक समारोह में सनातन धर्म बारे में बयान दिया था। मैंने उस समय कहा, वही बात बार-बार दोहराऊंगा। मैंने सभी धर्मों को शामिल किया था, केवल हिंदुओं को नहीं। उदयनिधि ने कहा मैंने जातिवाद की निंदा करते हुए वो वह बात बोली।

यह सोच उनके खून में है: केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर

उदयनिधि के बयान पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह सोच उनके खून में है। देश की जनता अब इनको दिखा देगी कि क्या मिटाया जाएगा। जनता वंशवादी राजनीति को मिटा देगी।

हिंदू धर्म को अपमानित करने की प्रतियोगिता शुरू हो गई है: धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत देश की मूल आस्था, सभ्यता, सनातन धर्म को अपमानित करने की प्रतियोगिता शुरू हो गई है। उदयनिधि के बयान पर उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले ये घटना हुई है। यह बयान अनायास या अचानक नहीं आया।

अयोध्या में जगतगुरु परमहंस आचार्य ने किया ऐलान, कहा- उदयनिधि स्टालिन का सिर काटने वाले को देंगे 10 करोड़

अयोध्या, (ब्यूरो)। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदय निधि के विवादित बयान को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। उनके बयान के बाद अयोध्या के संत बेहद नाराज हैं। सोमवार की दोपहर अयोध्या के प्रसिद्ध संत जगतगुरु परमहंस आचार्य ने उदय निधि स्टालिन का पुतला फूंका और प्रतीकात्मक रूप से उदय निधि स्टालिन का सर काटने का कार्यक्रम आयोजित किया। इतना ही नहीं जगतगुरु परमहंसराचार्य ने यह भी कहा कि जो भी व्यक्ति उदय निधि स्टालिन का सर काट कर लाएगा उसे 10 करोड़ का इनाम दिया जाएगा। अगर कोई ऐसा नहीं करता है तो वह स्वयं सनातन के बारे में ऐसे विचार रखने वाले उद्यानिधि स्टालिन का सर काट देंगे।

उदयनिधि के विवादित बयान पर रविशंकर प्रसाद बोले, **सनातन धर्म ने हर किसी को जगह दी।**

DMK नेता का 'सनातन धर्म' पर बयान को कांग्रेस ने बताया- **'विचार व्यक्त करने की आजादी'**

सनातन धर्म देश की आस्था और पहचान: शिवसेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी

कार्ति चिदंबरम ने भी किया उदयनिधि स्टालिन के बयान का समर्थन किया।

देश के टॉप वकील हरीश साल्वे ने ट्रीना से लंदन में की तीसरी शादी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल और सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने 68 साल की उम्र में ब्रिटिश महिला ट्रिना से रविवार को लंदन में शादी की। इस हाई प्रोफाइल शादी में उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने भी शिरकत की। आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी भी समारोह में पहुंचे थे। उनके अलावा रिसेप्शन में सुनील मित्तल, एलएन मित्तल, एसपी लोहिया, गोपी हिंदुजा सहित कई दूसरे बड़े बिजनेसमैन भी मौजूद रहे। इस शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वहीं उनके दोस्त ललित मोदी जो अभिनेत्री सुष्मिता सेन के बाद 90 के दशक की इंडियन सुपरमॉडल उज्जवला राउत के साथ विवाह में शामिल हुए।

हरीश साल्वे ने कुलभूषण जाधव का केस आईसीजे में लड़ा था: हरीश साल्वे देश के सबसे महंगे वकीलों में से एक हैं। इन्हें 2015 में पद्म भूषण अवॉर्ड मिला। वे 1999 से 2002 तक देश के सॉलिसिटर जनरल रहे। साल्वे एंटी-डंपिंग मामले की पैरवी से मशहूर हुए। 2015 में हरीश साल्वे ने सलमान खान का हिट-एंड-रन केस लड़ा था। इंटरनेशनल कोर्ट में पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव का मुकदमा लड़ने के लिए एक रुपए फीस ली थी। साल्वे ने एलएलबी की पढ़ाई नागपुर यूनिवर्सिटी से की है। केंद्र सरकार ने उन्हें वन नेशन वन इलेक्शन की आठ सदस्यीय कमेटी में भी शामिल किया है।

अनुच्छेद 370 पर सुनवाई, केंद्र सरकार ने कहा- अकबर लोन माफी मांगें

सुप्रीम कोर्ट का आदेश- हलफनामे में कहें कि मेरी भारतीय संविधान में निष्ठा है...

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को आर्टिकल 370 पर 15वें दिन की सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार ने मांग की कि नेशनल कॉन्फ्रेंस मोहम्मद अकबर लोन माफी मांगें। उन्होंने 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए थे। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मोहम्मद अकबर लोन हलफनामा (एफिडेविट) दायर करें। इसमें बताएं कि उनकी भारतीय संविधान में निष्ठा है। वहीं, कपिल सिब्बल ने कहा कि वे व्यक्तिगत रूप से एनसी नेता मोहम्मद अकबर लोन द्वारा 2018 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कही गई बातों से सहमत नहीं हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच इस मामले में सुनवाई कर रही है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पैरवी कर रहे हैं।

कश्मीरी पंडितों ने लगाई याचिका

कश्मीरी पंडितों ने 3 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें याचिकाकर्ता लोन पर सवाल उठाए गए थे। रूट्स इन कश्मीर संगठन ने दावा किया कि लोन घोषित तौर पर पाक का समर्थन करते हैं। वो विधानसभा में पाक के समर्थन में नारे लगा चुके हैं।

चीनी हैकर्स की साजिश का भंडाफोड़, दो एप से हो रही स्मार्टफोन यूजर्स की जासूसी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर ने चीन से जुड़े फर्जी एप्स की पहचान की है। यह एप बैडबाजार स्पाइवेयर से लैस हैं और स्मार्टफोन यूजर्स की जासूसी कर रहे हैं। फर्जी एप में टेलीग्राम और सिग्नल जैसे पॉपुलर एप शामिल हैं। साइबर सुरक्षा कंपनी ईएसईटी ने खुलासा किया है कि इन मैलिसियस एप्स के तार चीन से संबंधित एपीटी समूह से जुड़े हैं जिन्हें जीआरईएफ के नाम से जाना जाता है।इन संदिग्ध एप्स को गूगल प्ले स्टोर और सैमसंग गैलेक्सी स्टोर पर देखा गया है। इन प्लेटफॉर्म पर सिग्नल और टेलीग्राम एंड्रॉयड एप के फेक वर्जन पाए गए हैं। यह एप देखने में एकदम असली एप की तरह लगते हैं। यह दोनों एप सिस्टम बेस्ड एंड्रॉयड एप्स हैं, जिन्हें बैडबाजार स्पाईवेयर की तरफ से यूजर्स की जानकारी की जासूसी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इन फर्जी सिग्नल और टेलीग्राम एप, को सिग्नल प्लस मैसेंजर और फ्लाईग्राम नाम से एप स्टोर पर एड किया गया है।

नहीं रहीं चंद्रयान-3 के काउंटडाउन को आवाज देने वाली वलारमथी

चेन्नई। चंद्रयान 3 के लॉन्च काउंटडाउन को आवाज देने वाली इसरो साइंटिस्ट वलारमथी का शनिवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। चंद्रयान-3 को 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया था। रॉकेट फायर करने से पहले उलटी गिनती को ही काउंटडाउन कहा जाता है। इसरो के पीआरओ के मुताबिक वलारमथी सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में रेंज ऑपरेशंस प्रोग्राम कार्यालय का हिस्सा थीं। वे भारत के पहले रडार इमेजिंग सैटेलाइट आरआईएसएटी-1 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी रह चुकी थीं। तमिलनाडु के अरियालुर में रहने वाली वलारमथी का जन्म 31 जुलाई, 1959 को हुआ था। उन्होंने कोयंबटूर के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया। वे 1984 में इसरो में शामिल हुई थीं। वे भारत के पहले स्वदेशी रडार इमेजिंग सैटेलाइट और देश के दूसरे उपग्रह आरआईएसएटी-1 की प्रोजेक्ट डायरेक्टर थीं। 2015 में, वे अब्दुल कलाम पुरस्कार पाने वाली फर्स्ट पर्सन बनीं।

पहले रडार सैटेलाइट की प्रोजेक्ट डायरेक्टर रहीं, 39 साल से इसरो से जुड़ी थीं

महिला को निवस्त्र घुमाने की घटना पर राजस्थान को मानवाधिकार आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) भारत ने राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले में एक गर्भवती महिला को उसके परिवार के सदस्यों द्वारा पीटने और नग्न घुमाने की कथित घटना पर राज्य सरकार को नोटिस भेज कर चार सप्ताह में कृत कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने सोमवार को बताया कि उसने इस मामले में मीडिया की एक खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है।

मां-बाप की जगह कोई नहीं ले सकता: हाईकोर्ट

हाईकोर्ट ने पत्नी की मौत के बाद दूसरी शादी करने वाले पिता को बेटे से मिलने का दिया हक

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि पहली पत्नी की मौत के बाद शख्स अगर दूसरी शादी करता है तो भी उसे पहली पत्नी से हुए बच्चे से अलग नहीं किया जा सकता। यहां तक की मां-बाप आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हों, उस स्थिति में भी बच्चे के पेरेंट्स की जगह कोई नहीं ले सकता। कोर्ट ने सोमवार को एक मामले में पिता को बेटे से मिलने की अनुमति देते हुए यह कमेंट किया। मामला साल 2010 का है, बच्चे की मां की मौत हो गई थी। महिला के परिजन ने दामाद के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया।

मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मणिपुर सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मीडिया से बात करते हुए सीएम एन बीरेन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एडिटर्स गिल्ड के सदस्य राज्य में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि बीते दिनों एडिटर्स गिल्ड ने मणिपुर की सरकार पर पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि मैंने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों को चेतावनी भी दी है कि अगर वह कुछ करना चाहते हैं तो पहले हिंसाग्रस्त जगहों का दौरा करें और जमीनी हकीकत देखें। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करें और उसके बाद कोई रिपोर्ट बनाएं। सिर्फ कुछ वर्ग के लोगों से मिलकर किसी परिणाम पर पहुंचना निंदनीय है। राज्य सरकार ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जो राज्य में हिंसा भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

Filmi तड़का

जवान से नहीं डरा सालार 28 सितंबर को होगी लांच

मुंबई। प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म सालार के पोस्पोंड होने की खबरें कयास साबित हो गई हैं। कहा जा रहा है कि सालार अपने तय समय पर ही सिनेमाघरों में दिखाई देगी। यानी दर्शक 28 सितंबर को सालार देख पाएंगे। बॉक्स ऑफिस पर एसआरके से प्रभास का सीधा मुकाबला होगा। साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म फिल्म सालारः पार्ट 1 - सीजफायर का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। फिल्म को लेकर नई खबर सामने आई है। अभी तक कहा जा रहा था कि सितंबर में रिलीज होने वाली सालार को नवंबर के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। लेकिन नए वायरल ट्वीट के मुताबिक फिल्म तय समय यानी 28 सितंबर को ही वर्ल्ड वाइड रिलीज की जाएगी।

राष्ट्रपति भवन में हुई कल्कि केकलां की 'गोल्डफिश' की स्क्रीनिंग

नई दिल्ली। बॉलीवुड में अपने शानदार अभिनय के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री कल्कि केकलां यूं तो अपने बेबाक अंदाज की वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। लेकिन इस समय उनके सुर्खियों में होने की वजह अभिनेत्री की फिल्म गोल्फिश है, जिसके जरिए वह चार साल बाद बड़े पर्दे पर वपसी कर चुकी हैं। ये जवानी है दीवानी, जिंदगी न मिलेगा दोबारा, देव डी जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं कल्कि केकलां एक बार फिर अपनी अभिनय पारी की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हैं। इस बीच खबर आ रही है कि बीते दिन गोल्डफिश राष्ट्रपति भवन में प्रदर्शित की गई है।

गोल्डफिश की हाल ही में राष्ट्रपति भवन और दिल्ली के फिल्म्स डिवीजन ऑडिटोरियम में स्क्रीनिंग हुई थी। यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के दो दिन बाद 3 सितंबर को प्रदर्शित की गई थी। एक सितंबर को रिलीज हुई गोल्डफिश मां और बेटी के रिश्ते पर आधारित एक प्यारी फिल्म है। जहां पिछले काफी समय से अभिनेत्री इसका प्रमोशन कर रही थीं और अब जब गोल्डफिश रिलीज हो गई है, तब इसको लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

31 दिस. तक बढ़ाई एमनेस्टी योजनाओं की समयावधि

जयपुर, (ब्यूरो)। राज्य सरकार ने राजस्व बकायों के पुराने प्रकरणों के शीघ्र समाधान और हितधारकों को राहत देने के लिए एमनेस्टी योजनाओं की समयावधि बढ़ाई है। अब 31 दिसम्बर 2023 तक बकाया राशि जमा कराने पर नियमानुसार ब्याज व पैनल्टी में छूट मिलती रहेगी। इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। सीएम अशोक गहलोत ने समस्त हितधारकों के व्यापक हितों के दृष्टिगत एमनेस्टी योजनाओं की अवधि बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस स्वीकृति से वेट एमनेस्टी स्कीम, स्टाम्प ड्यूटी एमनेस्टी, ट्रांसपोर्ट एमनेस्टी, आबकारी एमनेस्टी, रीको एमनेस्टी, खनन संबंधी एमनेस्टी, ऊर्जा संबंधी एमनेस्टी, जीएसटी एमनेस्टी एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की एमनेस्टी योजना की समयावधि को 31 दिसम्बर तक बढ़ाया गया है।

मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय

पावरग्रिड के कार्मिक निदेशक के पद पर डॉ. यतींद्र द्विवेदी

नई दिल्ली, (ब्यूरो)। डॉ. यतींद्र द्विवेदी ने दिनांक 31 अगस्त 2023 को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. के निदेशक (कार्मिक) का पदभार ग्रहण किया है।

निदेशक (कार्मिक) के रूप में पद संभालने से पूर्व, उन्होंने कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में गतिशील कारोबारी माहौल में चुनौतीपूर्ण तथा प्रमुख कार्यों को कुशलता से निष्पादित किया। उन्हें 33 वर्षों का अनुभव है जिसमें उन्होंने मानव संसाधन रणनीति को व्यवसाय के साथ जोड़ने और संगठन के विकास को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. द्विवेदी उत्कृष्ट क्रॉस फंक्शनल ज्ञान, उच्च कौशल तथा नीति निर्माण, मानव संसाधन प्रक्रिया री-इंजीनियरिंग और अन्य संगठनात्मक विकास पहलों में अनुभवी हैं।

डॉ. द्विवेदी ने हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के साथ अपनी व्यावसायिक यात्रा शुरू की और 1993 में पावरग्रिड में शामिल हुए। डॉ. द्विवेदी ने सुदृढ़ एवं समृद्ध संगठन बनाने पर ध्यान देने के साथ विभिन्न परिवर्तन प्रबंधन पहलों जैसे एसएपी कार्यान्वयन, एचआर का डिजिटलीकरण, भविष्य के काम के लिए तैयारी आदि का नेतृत्व किया है।

टीम इंडिया ने सिखाया नेपाल को क्रिकेट का ककहरा

एशिया कप क्रिकेट: रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने जड़े अर्धशतक

पल्लेकेले, (एजेंसी)। कप्तान रोहित शर्मा (74 नाबाद) और शुभमन गिल (67 नाबाद) के आक्रामक अर्धशतकों की बदौलत भारत ने एशिया कप 2023 के वर्षाबाधित ग्रुप-ए मुकाबले में सोमवार को नेपाल को 10 विकेट से रौंदकर सुपर-चार चरण में प्रवेश कर लिया। अब भारत की 10 सितंबर को कोलंबो में पाकिस्तान से टक्कर होगी।

नेपाल ने भारत के सामने 50 ओवर में 231 रन का लक्ष्य रखा, जिसे बारिश के कारण घटाकर 23 ओवर में 145 रन कर दिया गया। बारिश हालांकि भारत की उम्मीदों पर पानी नहीं फेर सकी, उसने 20.1 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। ग्रुप ए भारत पाकिस्तान तीन-तीन अंक लेकर सुपर-4 में पहुंचे जबकि नेपाल टूर्नामेंट से बाहर हो गया। भारत की सलामी जोड़ी ने शुरू से आक्रामक रूख अपनाया। गिल ने बारिश के बाद खेल फिर शुरू होने पर 12 रन से जबकि रोहित ने चार रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। रोहित और गिल ने इसके बाद अपने नैसर्गिक अंदाज में बल्लेबाजी करके 13.4 ओवर में शतकीय साझेदारी पूरी की। रोहित ने 59 गेंदों पर से नाबाद 74 रन बनाए जबकि गिल ने 62 गेंदों पर नाबाद 67 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल है। इससे पहले भारत को 25 गेंद के अंदर नेपाल के तीन कैच छोड़ना उसके लिए भारी पड़ा। कुशल भुर्तेल (दो) और आसिफ को जीवनदान मिलने के बाद दोनों सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर डाली। नेपाल के लिए आसिफ ने सर्वाधिक 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा सोमपाल ने 48 रन का योगदान दिया। भारत के लिए मोहम्मद सिराज और रवींद्र जडेजा ने तीन-तीन विकेट झटके।

स्कोर बोर्ड

नेपाल	रन	गेंद	4/6
कुशल भुर्तेल कै. किशन बो. शार्दुल	38	25	3/2
आसिफ शेख कै. कोहली बो. सिराज	58	97	8/0
भीम शर्की बो. जडेजा	07	17	0/0
रोहित पॉडेल कै. रोहित बो. जडेजा	05	08	0/0
कुशल मल्ला कै. सिराज बो. जडेजा	02	05	0/0
गुलशन झा कै. किशन बो. सिराज	23	35	3/0
दीपेंद्र सिंह पगबाधा हार्दिक	29	25	3/0
सोमपाल कामी कै. किशन बो. शमी	48	56	1/2
संदीप लामिछाने रन आउट	09	17	0/0
करण केसी नाबाद	02	02	0/0
ललित राजबंशी बो. सिराज	00	03	0/0

अतिरिक्त: 09, **कुल:** 48.2 ओवर में 230 रन पर ऑलआउट **विकेट पतन:** 1-65, 2-77, 3-93, 4-101, 5-132, 6-144, 7-194, 8-228, 9-229, 10-230 **गेंदबाजी:** मोहम्मद शमी 7-0-29-1, मोहम्मद सिराज 9.2-1-61-3, हार्दिक पंड्या 8-3-34-1, शार्दुल ठाकुर 4-0-26-1, रवींद्र जडेजा 10-0-40-3, कुलदीप यादव 10-2-34-0.

नेपाल	रन	गेंद	4/6
रोहित शर्मा नाबाद	74	59	6/5
शुभमन गिल नाबाद	67	62	8/1

अतिरिक्त: 06, **कुल:** 20.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 147 रन **गेंदबाजी:** करण के सी 4-0-26-0, सोमपाल कामी 2-0-23-0, ललित राजबंशी 4-0-24-0, संदीप लामिछाने 4-0-39-0, दीपेंद्र सिंह 2-0-12-0, कुशल मल्ला 3-0-11-0, गुलशन झा 1.1-0-11-0.

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने एशिया कप में जड़ा 10वां अर्धशतक

- रोहित शर्मा भारत के लिए एशिया कप के इतिहास में सर्वाधिक बार 50 या इससे ज्यादा रन की पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। 10वीं बार रोहित एशिया कप में 50 या इससे बड़ी पारी खेलने में सफल हुए हैं।
- रोहित शर्मा श्रीलंका में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने अब तक 27 छक्के श्रीलंका की सरजमीं पर जड़े हैं। इसके अलावा श्रीलंका सरजमीं पर सुरेश रैना ने 25, सौरभ गांगुली ने 22, सचिन तेंदुलकर ने 20 छक्के जड़े हैं।

जडेजा एशिया कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

रविंद्र जडेजा वनडे प्रारूप एशिया कप में संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। नेपाल के खिलाफ तीन विकेट लेकर जडेजा ने हमवतन इरफान पठान की बराबरी की। दोनों ने 22-22 विकेट लिए हैं। जडेजा और इरफान के अलावा सचिन तेंदुलकर 17 विकेट, कपिल देव 15 विकेट और आर अश्विन के नाम 14 विकेट दर्ज हैं।

आसिफ भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले पहले नेपाली

आसिफ शेख वनडे प्रारूप में भारत के खिलाफ अर्धशतक लगाने वाले पहले नेपाली बल्लेबाज बन गए हैं। आसिफ शेख ने 97 गेंदों पर 58 रन बनाकर यह उपलब्धि अपने नाम की। आसिफ शेख ने कुशल भुरटेल नेपाल की तरफ से वनडे प्रारूप में 1000 रन की साझेदारी करने वाली पहली जोड़ी बन गई हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ 65 रन की साझेदारी कर यह कीर्तिमान बनाया।

नेपाल की तरफ से वनडे में सर्वाधिक रन की साझेदारी करने वाली जोड़ी

1017 रन - आसिफ शेख- कुशल भुरटेल
585 रन - आसिफ शेख -रोहित पौडेल
543 रन - आसिफ शेख और ज्ञानेनरा मल्ला

बुमराह के घर गूंजी अंगद की किलकारी

मुंबई, (एजेंसी)। भारत के अग्रणी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और उनकी पत्नी संजना गणेशन ने अपने परिवार में बेटे अंगद का स्वागत किया है। बुमराह ने सोमवार को ट्विटर पर लिखा, हमारा छोटा परिवार बड़ा हो गया है। हमारे दिल इतने भर आए हैं जितना कभी सोचा भी नहीं था। सोमवार सुबह हमने अपने नन्हे से बेटे अंगद जसप्रीत बुमराह का इस दुनिया में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि बुमराह भारत और नेपाल के बीच सोमवार को होने वाले मुकाबले में हिस्सा भी नहीं ले सके। बुमराह ने कहा, हम चांद के ऊपर हैं। हमारे जीवन का यह नया अध्याय जो कुछ अपने साथ लाया है, उसका इंतजार नहीं कर सकते।

कोलंबो में होने वाले सभी मुकाबले दूसरी जगह शिफ्ट

एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने एशिया कप 2023 में श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले फाइनल समेत सुपर-4 स्टेज के सभी मुकाबलों को हम्बनटोटा में करने का फैसला किया है। मैचों को शिफ्ट करने के लिए पल्लेकेल और दांबुला वेन्यू पर भी विचार किया गया था। मगर हम्बनटोटा में शिफ्ट किया गया है। बता दें कि कोलंबो में इस समय काफी तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों तक यहां लगातार बारिश होगी। यही कारण है कि एसीसी ने कोलंबो के सभी मुकाबलों को शिफ्ट किया है। एशिया कप का फाइनल भी 17 सितंबर को खेला जाएगा।

गौतम गंभीर ने किया फैंस की ओर अभद्र इशारा

भारतीय टीम के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों की तरफ मिडिल फिंगर दिखाते नजर आ रहे हैं। इस अभद्र इशारे पर अब उनका बयान सामने आया है। उनके मुताबिक, उन्होंने ऐसा देश विरोधी नारों की वजह से ऐसा किया। वहीं सोशल मीडिया पर इस तरह के दावे के साथ वीडियो वायरल हो रहा है कि फैंस कोहली, कोहली, चिल्ला रहे हैं, जिसके जवाब में गौतम गंभीर मिडिल फिंगर दिखा रहे हैं। गंभीर का कहना है कि दो-तीन पाकिस्तानी प्रशंसक हिंदुस्तान मुर्दाबाद के साथ भारत विरोधी नारे लगा रहे थे तो उनको जवाब देना पड़ा।

वनडे वर्ल्डकप 2023 के लिए भारतीय टीम की घोषणा आज

वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा मंगलवार 5 सितंबर को होगी। बीसीसीआई के सूत्रों ने बताया कि टीम की घोषणा दोपहर डेढ़ बजे किया जाएगा। एशिया कप 2023 के लिए चुनी गई 18 सदस्यीय टीम में से 15 खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया जाएगा। सभी टीमों को वनडे विश्वकप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की सूची पांच सितंबर तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को सौंपनी है। वहीं 27 सितंबर तक बदलाव किए जा सकते हैं।

भारत के जवागल श्रीनाथ के नाम एक और उपलब्धि

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ वर्तमान में आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी का हिस्सा हैं। बतौर रेफरी भारत -नेपाल मैच उनका मैच 250वां वनडे है। वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय भी हैं। जवागल श्रीनाथ से पहले 250 वनडे में मैच रेफरी की भूमिका श्रीलंका के रंजन मदुगले, इंग्लैंड के क्रिस ब्रॉड और न्यूजीलैंड के जैफ क्रो हैं। जवागल श्रीनाथ ने कहा, एक मैच रेफरी के तौर पर इस मुकाम तक पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है।

वर्ल्डकप में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा होंगे केन विलियमसन

नई दिल्ली (एजेंसी)। कप्तान केन विलियमसन भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए न्यूजीलैंड की टीम का हिस्सा होंगे। न्यूजीलैंड की टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने यह जानकरी दी। विलियमसन आईपीएल 2023 के शुरुआती मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। घुटने की सर्जरी कराने के बाद केन विलियमसन अभी तक प्रोफेशनल क्रिकेट में नजर नहीं आए हैं। माना जा रहा है कि वे सीधे वर्ल्ड कप 2023 में खेलते हुए नजर आएंगे। विलियमसन ने विश्व कप टीम में चुने जाने के लिए अपनी रिकवरी में पर्याप्त प्रगति हासिल की है। हालांकि, वह टूर्नामेंट का पहला मैच खेलने के लिए पूरी तरह फिट नहीं होंगे, जो 5 अक्टूबर को उसी मैदान पर खेला जाएगा, जहां वे चोटिल हुए थे। कोच गैरी स्टीड ने कहा है, केन (विलियमसन) ने अपने रिहैब के लिए अभूतपूर्व समर्पण दिखाया है और उन्हें विशेषज्ञों के एक मजबूत समूह का समर्थन भी मिला है। उन्होंने उच्चतम स्तर पर फिर से क्रिकेट खेलने की कोशिश में कोई कसर नहीं छोड़ी। हमें उनका चयन करने की स्थिति में होने पर खुशी है। इससे भी ज्यादा अच्छी बात ये है कि उन्हें अपनी वापसी की बहुत जल्दी नहीं है। कोच स्टीड ने आगे बताया, जैसा कि हमने इस पूरी प्रक्रिया में कहा है कि हम केन को उसकी रिकवरी में सहायता के लिए हर संभव समय देना चाहते हैं। विश्व कप कोई छोटा टूर्नामेंट नहीं है और हम पहले टूर्नामेंट मैच से पहले अगले महीने उनकी प्रगति पर नजर रखना जारी रखेंगे।

भारतीय पुरुष टेटे टीम का कांस्य पदक पक्का

एशियाई चैंपियनशिप: शरत, सत्यन और हरमीत सेमीफाइनल में पहुंचे

प्योंगचांग,(एजेंसी)। भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने एशियाई चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सोमवार को सिंगापुर को 3-0 से मात देकर अपने लिए कांस्य पदक सुनिश्चित कर लिया।

शरत कमल, सत्यन ज्ञानशेखरन और हरमीत देसाई ने अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। अनुभवी शरत और इजाक क्यूक के बीच शुरुआती एकल मैच में कड़ी टक्कर हुई, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने अंततः 11-1, 10-12, 11-8, 11-13, 14-12 से जीत हासिल की। सत्यन ने यू एन कोएन पांग पर 11-6, 11-8, 12-10 की आसान जीत के साथ भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई। भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले 61वें खिलाड़ी हरमीत देसाई ने झे यू क्लेरेंस च्यू को 11-9, 11-4, 11-6 से हराकर मुकाबला अपने नाम किया। सेमीफाइनल में भारत का सामना बुधवार को चीनी ताइपे से होगा। इस बीच, महिलाओं के क्वार्टरफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को जापान के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मीमा इतो ने शुरुआती एकल में अयहिका मुखर्जी को 11-7, 15-13, 11-8 से हराया। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सातवीं रैंकिंग वाली हिना हयाता के खिलाफ एक गेम जीता लेकिन वह भी 7-11, 9-11, 11-9, 3-11 से हार गयीं।

एशियन गेम्स में अपना जलवा दिखाएंगे मप्र के 43 खिलाड़ी

एकेडमी के 19 खिलाड़ी करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

भोपाल (खेसं)। आगामी 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांग्जो मे 19वीं एशियन गेम्स-2022 की शुरूआत होगी। इस बार एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश के 43 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये तैयार है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वजह से एशियन गेम्स को स्थगित किया गया था। चीन के हांग्जो में होने वाले 19वीं एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 19 खिलाड़ी, मध्यप्रदेश के (अकादमी के बाहर के) 11, स्पोर्टस ऑथारिटी ऑफ इंडिया (साई) के 3, मध्यप्रदेश खेल अकादमी के 7 पूर्व खिलाड़ी तथा 3 खिलाड़ी जो अकादमी के एसोसिएट मेम्बर है भारतीय टीम में शामिल है।

एशियन गेम्स के चयनित म.प्र. अकादमी के खिलाड़ी इस वर्ष चीन के हांग्जो में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियन गेम्स में मध्यप्रदेश खेल अकादमी के सबसे ज्यादा वाटर स्पोर्टस के खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

एशियन गेम्स में मप्र के चयनित खिलाड़ी

मप्र खेल अकादमी के खिलाड़ी

केनो सलालम: शुभम केवट, शिखा चौहान, हितेश केवट, विशाल वर्मा। **सेलिंग:** नेहा ठाकुर, शीतल वर्मा, हर्षिता तोमर। कयाकिंग-कनोईंग - अर्जुन सिंह, नीरज वर्मा, शिवानी वर्मा, कावेरी, ओ विनीता देवी, प्राची यादव और मनीषा कौरव (दोनो पेरा केनो)। रोईंग - रूक्मणी दांगी। **घुड़सवारी:** राजू सिंह और सुदिप्ती हजेला। शूटिंग **ईवेंट:** एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, आशी चौकसे।

अकादमी के एसोसिएट मेम्बर

जुडो: कपिल परमार (ब्लाईंड जूडो केटेगरी), दीक्षा, सपना बर्मन

अकादमी के बाहर के खिलाड़ी

अद्वेत पात्रे (स्वीमिंग), आध्या तिवारी, जय मीणा, तुषिता सेन और आदित्य दुबे (सभी साफ्ट टेनिस), अनंजुल नामदेव और रोहित यादव (वुशु), दमिता देवी (क्याकिंग कनोईंग), रोहिणी कलाम (जी-जुत्सु), ज्योति चौहान (महिला फुटबॉल), आवेश खान (क्रिकेट)।

साई के खिलाड़ी: तुलिका और अवतार सिंह (जुडो) तथा सोनिया देवी पहीरेमबाम (कयाकिंग-कनोईंग)।

अकादमी के सात पूर्व खिलाड़ी: महिला हॉकी टीम में मोनिका, सुशीला चानु, इशिका, विष्णु देवी तथा पुरूष हॉकी मे विवेक सागर और नीलाकांता शर्मा ।

एशियाई खेल: भारतीय मुक्केबाजी दल 17 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। हांगझाऊ (चीन) में आयोजित होने वाले एशियाई खेलों से पहले भारतीय मुक्केबाजी दल 17 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रशिक्षण शिविर के लिए चीन के वूयीशन शहर के लिए रवाना हुआ। इस दल में 13 मुक्केबाज और 11 सहयोगी स्टाफ सदस्य शामिल हैं।

आरईसी लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रशिक्षण शिविर 3 सितंबर से 20 सितंबर तक निर्धारित है। प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए हांगझाऊ के लिए रवाना होगी, जो 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला है।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम: पुरुष: दीपक (51 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), शिवा थापा (63.5 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा), लक्ष्य चाहर (80 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (+92 किग्रा) ।

महिलाएं: निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन (57 किग्रा), जैस्मीन (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ।

बीसीसीआई अधिकारी पाकिस्तान में : शुक्ला ने कहा राजनीति से न जोड़ें, पीसीबी को संबंध सुधरने की उम्मीद

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दो वरिष्ठ पदाधिकारी (अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला) 17 साल में पहली बार सोमवार को पाकिस्तान के दौरे पर गये। एशिया कप देखने के लिए पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के निमंत्रण का सम्मान करते हुए भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी बिन्नी और कांग्रेस नेता शुक्ला सोमवार को अटारी-वाघा पार करने के बाद लाहौर पहुंचे। अनुभवी राजनीतिज्ञ शुक्ला ने जहां लोगों से क्रिकेट को राजनीति से नहीं जोड़ने का आग्रह किया वहीं बीसीसीआई अधिकारियों के आगमन से खुश पीसीबी के अध्यक्ष जका अशरफ ने उम्मीद जताई कि भारतीय बोर्ड द्वारा निमंत्रण स्वीकार किए जाने के बाद दोनों क्रिकेट बोर्ड के संबंधों में सुधार होगा। वह पीसीबी प्रबंध समिति के प्रमुख अशरफ थे जिन्होंने वाघा बॉर्डर पर बीसीसीआई अधिकारियों का स्वागत किया और फिर उन्हें लाहौर में गद्दाफी स्टेडियम ले गए। बीसीसीआई के दोनों अधिकारी मंगलवार और बुधवार को एशिया कप सुपर चार के मैचों को देखेंगे। भारतीय टीम ने पिछली बार 2008 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा की थी। पाकिस्तान ने आखिरी बार 2006 में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी की थी। बीसीसीआई ने एशिया कप के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण इसका आयोजन हाइब्रिड मॉडल में दो देशों (पाकिस्तान और श्रीलंका) में हो रहा है। बीसीसीआई ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गवर्नर द्वारा आयोजित रात्रिभोज में बिन्नी औरशुक्ला की भागीदारी को मंजूरी दे दी। शुक्ला ने यहां मीडियाकर्मियों से कहा, पाकिस्तान एशिया कप का मेजबान है। इस प्रतिनिधिमंडल का दौरा पूरी तरह से क्रिकेट से जुड़ा है और इसमें कोई राजनीति शामिल नहीं है। यह दो दिवसीय यात्रा है और पंजाब (पाकिस्तान) के गवर्नर रात्रिभोज के लिए हमारी मेजबानी कर रहे हैं। इस मौके पर वहां बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान तीनों टीमें मौजूद रहेंगी। हमें क्रिकेट को राजनीति के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। पिछले दो दशक से बीसीसीआई से जुड़े शुक्ला 2004 में ऐतिहासिक फ्रेंडशिप सीरीज के लिए बीसीसीआई प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। द्विपक्षीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं को फिर से शुरू करने की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर इस राज्यसभा सांसद ने कहा, द्विपक्षीय श्रृंखला के संबंध में निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है और सरकार जो भी सुझाव देगी हम उसका पालन करेंगे। पीसीबी प्रमुख अशरफ ने तुरंत ही संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें बिन्नी और शुक्ला भी उनके साथ बैठे थे। अशरफ ने कहा, मैं हमारा आमंत्रण स्वीकार करने के लिए बिन्नी और शुक्ला का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं। हमने उन्हें आमंत्रित किया और उन्होंने उसे स्वीकार किया।

यूएस ओपन अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और कोको गॉफ भी अगले दौर में

जोकोविच 13वीं बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

न्यूयॉर्क,(एजेंसी)। सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अमेरिकी ओपन 2023 के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

जोकोविच ने एकतरफा मुकाबले में क्रोएशिया के बोर्ना गोजो को 6-2, 7-5, 6-4 से 13वीं टूर्नामेंट के अंतिम-8 में पहुंचे। जोकोविच का अगली एटीपी रैंकिंग में कार्लोस अल्काराज की जगह नंबर एक पर काबिज होना तय हो गया है । अगले दौर में उनका मुकाबला अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज से होगा, जो प्री-क्वार्टरफाइनल में स्विट्जरलैंड के डॉमिनिक स्ट्रिकर को 7-6(2), 6-4, 6-4 से हराकर आ रहे हैं। टियाफो ने ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता को 6-4, 6-1, 6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में टियाफो हमवतन बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।

ओस्तापेन्को ने किया इगा का सफर समाप्त

महिला एकल वर्ग में लातविया की हेलेना ओस्तापेन्को ने चौथे दौर में 3-6, 6-3, 6-1 की जीत के साथ गत चैंपियन इगा स्वियातेक का अभियान खत्म कर दिया है। स्वियातेक की हार के बाद विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर नहीं रहेगी और उनकी जगह रूस की एरिना सबालेंका पहली बार शीर्ष पायदान हासिल करेंगी। ओस्तापेन्को अब अमेरिका की कोको गॉफका मुकाबला करेंगी, जो प्री-क्वार्टरफाइनल में डेनमार्क की कैरोलीन वोजनियाकी को 6-3, 3-6, 6-1 से हराकर आ रही है।

बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी अंतिम-8 में

भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने जूलियन कैश और हेनरी पाटेन की जोड़ी को कड़े मुकाबले में तीन सेटों में हराकर पुरूष युगल क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने ब्रिटिश जोड़ी के खिलाफ दो घंटे 22 मिनट 6-4, 6-7, 7-6 से जीत दर्ज की। इस साल विम्बलडन सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले बोपन्ना और एबडेन ने 13 ऐस लगाए। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के वेसली कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की तथा अमेरिका के नाथनियल लामोंस और जैकसन विथ्रो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

मेसी के नेतृत्व में मियामी विजयी

एमएलएस: लास एंजिलिस को 3-1 से हराया

लास एंजिलिस, (एजेंसी)। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी की अगुआई में इंटर मियामी में मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में लास एंजिलिस फुटबॉल क्लब को 3-1 से पराजित किया। जुलाई में लियोनल मेसी के क्लब के साथ जुड़ने के बाद से इंटर मियामी सभी प्रतियोगिताओं में पिछले 11 मैचों से अजेय हैं। इस मैच में मेसी ने दो गोल करने में मदद की। इंटर मियामी के लिए फाकुंडो फारियास ने 14वें मिनट में, जोर्डी अल्बा 51वें मिनट में और लियोनार्डो कैम्पाना ने 83वें मिनट में एक-एक गोल दागा। लास एंजिलिस के लिए रेयान होलिंगशेड ने 90वें मिनट में एकमात्र गोल दागा।

जनपद गोरखपुर की पिपराईच चीनी मिल किसानों के गन्ने का भुगतान 28 फरवरी 2023 तक किया : रामचन्द्र सिंह

प्रखर कुशीनगर। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अवगत कराया है कि, जनपद गोरखपुर की पिपराईच चीनी मिल के महाप्रबंधक अरविन्द कुमार (पीसीयस) से मुलाकात कर पिपराईच चीनी मिल पर किसानों के गन्ने का भुगतान जो करोड़ों रुपये बकाया है उसे कराने पर विधिवत चर्चा किया गया। महाप्रबन्धक अरविन्द कुमार ने तत्काल मिल के सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिया कि, अभी 28 फरवरी 2023 तक किसानों के गन्ने का भुगतान जो चार करोड़ पचास लाख है किसानों के खाते में भेजा जाय। शेष किसानों के गन्ने के भुगतान पर यूनियन के जिलाध्यक्ष द्वारा सवाल किया गया तो चीनी मिल के महाप्रबन्धक द्वारा यूनियन के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र सिंह को अवगत कराया गया कि, पिपराईच चीनी मिल की पेराई 29 नवम्बर 2022 से शुरू हुआ और 27 मार्च 2023 तक चीनी मिल संचालित हुआ। जिसमें पूरे पेराई सत्र में मिल द्वारा एक सौ पचास करोड़ रुपये का गन्ना पेराई हुआ। जिसमें से एक सौ अठारह करोड़ रुपये किसानों के गन्ने का भुगतान पहले ही कर दिया जा चुका है और आज चार करोड़ पचास लाख का भुगतान जारी किया जा रहा है। शेष गन्ने का भुगतान जो सताईस करोड़ पचास लाख बकाया है वह इस महीने यानी 30 सितम्बर 2023 तक सम्पूर्ण भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया जायेगा।

रज्जू भैया संस्थान के छात्रों द्वारा धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया

प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित रज्जू भइया संस्थान में छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर, स्नातक, परास्नातक एवं शोध छात्रों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो द्वारा उन्हें याद किया। छात्रों ने इस मौके पर छात्र जीवन में शिक्षकों के महत्व की चर्चा की तथा अंकित मिश्रा और सुशील मिश्रा ने शिक्षकों के योगदान के बारे में चर्चा किया । शोध छात्रों, ज्योत्सना, प्रशांत, विवेक, सुषमा, जितेंद्र, संतोष, रजनीश आदि ने शिक्षकों को पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार यादव ने शिक्षकों के महत्व को समझाया और यह बताया कि शिक्षक हमारे जीवन के महत्वपूर्ण हिस्से होते हैं, जिनका मार्गदर्शन हमारे जीवन को सफल बनाता है। प्रो. देवराज सिंह ने बताया कि छात्रों के समक्ष डॉ. राधाकृष्णन को याद करते हुए प्रथम महिला शिक्षिका ज्योतिबा फुले के जीवन संघर्ष पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. मिथिलेश सिंह, डॉ. गिरधर मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. काजल डी और डॉ. धीरेंद्र चौधरी समेत संस्थान के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

द मर्सी क्लब ने मनाया शिक्षक दिवस

प्रखर जौनपुर। प्रांतीय अध्यक्ष एजाज हाशमी के संरक्षण में आज क्लब के सदस्यों ने शिक्षक दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धा सुमन अर्पित किया, जौनपुर शहर के पुरानी बाजार प्राइमरी स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम वरिष्ठ सदस्य शिक्षक कलीम सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुआ,श्री कलीम ने बताया की पूर्व राष्ट्रपति ने एक शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू किया और सविधान के सर्वोच्च पद पर आसीन हुए उन्होंने अपने जीवन में कभी अपना जन्म उत्सव नही मनाया और कहा की मेरे जीवन का उद्देश्य शिक्षा रही है इसलिए मेरे जन्म दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए, इस मौके पर रियाजुल हक ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु की महत्ता हर धर्म में बताई गई है ,इस्लाम में भी उस्ताद का मर्तबा बहुत ऊंचा है,हमको अपने उस्ताद की हमेशा इज्जत करनी चाहिए,चाहे जीवन में कितनी भी शिक्षा हासिल करले,लेकिन जिसने हमे कुछ भी सिखाया पढ़ाया हो वो हमेशा सर्वोपरी रहेगा। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद खालिक मंसूरी ने किया कार्यक्रम का समापन नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से शमीमुल हसन बब्बू,अजय दुबे,रितेश श्रीवास्तव, आफताब सिद्दीकी,मुस्तकिम अहमद,मनोज सेठ, जितेंद्र, राजेश, फिरोज अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

काशी कृषक इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रखर वाराणसी। काशी कृषक इंटर कॉलेज मेँ शिक्षक दिवस धूमधाम से संपन्न हुआ इस अवसर पर काशी कृषक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नगीना सिंह यादव ने बताया कि गुरुओं का दर्जा भगवान का दर्जा होता है गुरु का हमेशा आदर करना चाहिए। शिक्षक दिवस के उपलक्ष में पत्रकारों का भी सम्मान किया गया जिसमें रोहित सेठ पुरषोत्तम चतुवेर्दी शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि शंभू यादव जिला पंचायत सदस्य मैं भी गुरुओं का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र सिंह यादव प्रवक्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम की सारी रूपरेखा महावीर प्रसाद श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक द्वारा की गई इस अवसर पर उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन वाराणसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती सुषमा शर्मा व उनकी टीम मौजूद रही साथ में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के सदस्य सुंदरजीत जाहिद सिद्धकी शुभम झा संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे डीसीबी बैंक के मैनेजर राघवेंद्र शुक्ला ने विशेष सहयोग प्रदान किया इस मौके पर मंगल त्रिपाठी अमित विश्वकर्मा लालचंद संजय यादव विजय शंकर तिवारी विनोद कुमार राय प्रसाद संतराम अनिल कुमार संकटा प्रसाद अस्थाना अशोक कुमार असलम मुन्ना यादव संजय रितांशु श्रीवास्तव राजेश कुमार पाठक इत्यादि मौजूद रहे।

उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर करने की मांग को लेकर पुलिस कमिश्नर को राष्ट्रीय हिन्दू दल ने सौंपा पत्रक

उदयनिधि स्टालिन का पुतला भी दहन कर हुआ विरोध प्रदर्शन, राष्ट्रीय हिन्दू दल द्वारा कुत्ते के चेहरे पर उदयनिधि स्टालिन का फोटो लगाकर शहर में घुमाया गया, भारत का कैंसर है उदयनिधि स्टालिन- रोशन पाण्डेय

प्रखर वाराणसी। उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर किए गए अपमानजनक टिप्पणी के बाद राष्ट्रीय हिंदू दल संगठन ने आक्रोश जताते हुए वाराणसी पुलिस कमिश्नर अशोक मुथा जैन को पत्रक शॉप कर उदय निधि स्टालिन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय हिंदू दल संगठन के कार्यकर्ताओ द्वारा हाथ में उदयनिधि स्टालिन को रेबीज लगाओ,I.N.D.I.A के पागल कुत्ता होश में आओ के पोस्टर लेकर उदय निधि स्टालिन का चेतगंज चौराहे पर पुतला बनाकर दहन किया गया। साथ ही उदय निधि स्टालिन होश में आओ, केंद्र सरकार रासुका लगाओ, सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान जैसे नारेबाजी भी की गई। इसके साथ ही संगठन के कार्यकताओं के द्वारा कुत्ते के चेहरे पर स्टालिन का चेहरा लगाकर, स्टालिन को कुता बनाकर शहर भर में घुमाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय हिंदू दल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दू नेता रोशन पाण्डेय ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म का अपमान कर समस्त सनातनियों की धार्मिक भावनाओं को आहत कर ठेस पहूंचाया है। रोशन पाण्डेय ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए उदयनिधि स्टालिन पर रासुका लगाने की मांग करते हुए कहा कि देश में कट्टरपंथियों और आईएसआईएस आतंकी संगठन को हिन्दूओं को समाप्त करने का बढ़ावा देने और षड्यंत्र करने का काम कर रहे। सुप्रीम कोर्ट को हेट स्पीच मामले में यति नरसिहानंद , कमलेश तिवारी और हरिद्वार धर्मसंसद पर कठोर कार्रवाई तो कर देती है लेकिन स्टालिन जैसे कट्टरपंथी आतंकवादी पर कोई कार्रवाई नहीं होना देश की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान हैं और सुप्रीम कोर्ट की दोहरी नीति है।

भारत का कैंसर है उदयनिधि स्टालिन- रोशन पाण्डेय ने कहा कि धर्म परिवर्तन कर बाप बदलने वाले सनातन को मिटाने चले है। सनातन को मिटाने वाले लाखों आएं और खुद मिट गए मुगल। उदयनिधि स्टालिन देश का कैंसर है इसे समय से पहले समाप्त किया जाना चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय हिन्दू दल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बबलू अग्रहरि ने कहा कि उदयनिधि स्टालिन खुद एक आतंकवादी है। रासुका के तहत कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और बल्कि इसे रेबीज का इंजेक्शन भी लेना चाहिए ये पागल कुत्ता है।

I.n.d.i.a गठबंधन की चुप्पी क्यों? गठबंधन दलों को माफी मांगनी चाहिए- प्रदेश अध्यक्ष बबलू अग्रहरि ने कहा कि सनातन के अपमान करने वाले भारत छोड़ दें अन्यथा सनातनी सड़क पर उतर गये तो भागने की जगह कम पड़ जाएगी। जल्द ही उदयनिधि स्टालिन को रेबीज का इंजेक्शन भेजूंगा। इस मौके पर रोशन पाण्डेय के साथ, बबलू अग्रहरि,शिवम गुप्ता,यश जैशवाल , कुशल राय चौधरी, वैभव जायसवाल,सत्यम केशरी के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कोविड काल के बाद स्ट्रीट वेंडर को पुनः खड़ा करने हेतु प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून, 2020 को स्वनिधि की शुरूआत की गयी थी - केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री

स्वनिधि योजना से सभी गरीब रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को ऊपर उठाने का हमारा लक्ष्य है

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। स्वनिधि से समृद्धि के मूलमंत्र के लक्ष्य का उद्देश्य लेकर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मंत्रालय द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के उत्तरी जोन की बैठक मंगलवार को वाराणसी में हुई जिसमें केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन की शुरूआत में अतिथियों ने स्वनिधि योजना के ऊपर प्रकाश डालते हुए बताया कि कोविड काल के बाद स्ट्रीट वेंडर को पुनः खड़ा करने हेतु प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून 2020 को स्वनिधि की शुरूआत की गयी थी जिसमें रेहड़ी, पटरी व्यवसायियों को प्रथम इंस्टॉलमेंट में दस हजार द्वितीय इंस्टॉलमेंट में बीस हजार तथा तृतीय इंस्टॉलमेंट में पच्चास हजार का लोन दिया जाता है। मुख्य अतिथि ने सम्मेलन में बोलते हुए वाराणसी को पवित्र शहर बताते हुए सातवीं जोनल कॉन्फ्रेंस में भाग ले रहे सभी लोगों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री के अंत्योदय की बात की उन्होंने कहा कि स्वनिधि योजना से सभी गरीब रेहड़ी पटरी व्यवसायियों को ऊपर उठाने का हमारा लक्ष्य है उन्होंने बताया कि सरकार का टार्गेट 50 लाख लोगों को इस योजना का लाभ देना था जिसके सापेक्ष अब तक 45 लाख से ज्यादे लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा सका है उन्होंने स्वनिधि से समृद्ध लाभार्थियों के घर परिवार के लोगों के बारे में भी जानकारी लेने का निवेदन करते हुए कहा कि उनको जो भी जरूरत हो, उसकी जरूरत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पूरी की जाए हम सभी एक ध्येय बना कर चलें तभी समाज के कमजोर वर्गों को हम ऊपर उठा सकते इस योजना का प्रमुख उद्देश्य हमारा यही है। भूषण कुमार संयुक्त सचिव वित्त मंत्रालय द्वारा बताया गया कि स्वनिधि योजना की सफलता 2014 में शुरू हुई जनधन योजना के चलते है। 2014 से अब तक 50 करोड़ से ज्यादे जनधन अकाउंट खुले हैं तथा उसमें लगभग 2 लाख करोड़ रुपये जमा भी हैं वित्त सचिव एसएमए रिजवी उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वागत भाषण देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से अतिथियों का स्वागत किया तथा बताया गया कि स्वनिधि योजना में उत्तर प्रदेश लगातार प्रथम स्थान हासिल किये हुए है। सरकार लगातार इस योजना के तहत डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दे रही है जिसमें 5 लाख 65 हजार वेंडरों द्वारा डिजिटल पेमेंट किया भी जा रहा है तथा उत्तर प्रदेश में इस योजना के लाभार्थियों के परिवारजनों में अब तक 21लाख 63 हजार लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक में राहुल कपूर संयुक्त सचिव आवास एवं शहरी मंत्रालय, अनिल पाठक निदेशक डूडा, वाराणसी कमिश्नर कौशल राज शर्मा, अनिल कुमार विशेष सचिव नगर विकास, आनंद शुक्ला अपर निदेशक सूडा तथा अरविंद मेनन राष्ट्रीय महासचिव समेत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व सभी पब्लिक ,प्राइवेट सेक्टर बैंकों के अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये करें ऑनलाईन आवेदन : नागेन्द्र कुमार

चंदौली। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु सामूहिक विवाह के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का ऑनलाईन पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा विकसित किये गये साफ्टवेयर पर पात्र आवेदकों द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाईट/पोर्टल https://cmsvy.gov.in पर लॉगिन करके ऑनलाईन आवेदन पत्र करना अनिवार्य होगा। ऑनलाईन आवेदन किये जाने हेतु बालिग कन्या/महिला का आधार कार्ड आवश्यक है। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। आवेदक द्वारा अपना आवेदन पत्र जनसुविधा केन्द्र (कामन सर्विस सेन्टर), साईबर कैफे, निजी इन्टरनेट केन्द्र अथवा विभागीय वेबसाईट पर स्वयं द्वारा भरा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन पत्र में दर्ज प्रविष्टियों की शुद्धता का पूर्ण उत्तरदायित्व आवेदक का होगा। आवेदन पत्र को अन्तिम रूप से पोर्टल पर ऑनलाईन सबमिट करने के पूर्व सुधार किया जा सकता है। इस योजना के अन्तर्गत आवेदिका द्वारा अपना आवेदन पत्र विवाह हेतु निर्धारित तिथि के न्यूनतम एक सप्ताह पूर्व करना होगा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आर्थिक रूप से गरीब अभिभावक, जिनकी वार्षिक आय रू0 2.00 लाख से कम है और अपनी पुत्री की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न कराना चाहते हैं, वे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://cmsvy. gov.in पर भरते हुए आवेदन पत्र का प्रिन्टआउट आवश्यक संलग्नकों (यथा कन्या के आयु सम्बन्धी प्रमाण-पत्र, गरीबी रेखा/निराश्रित/बी0पी0एल0 कार्ड अथवा रू0 02.00 लाख का वार्षिक सीमा तक का आय प्रमाण-पत्र, कन्या एवं वर की पासपोर्ट साइज फोटो, कन्या एवं वर का आधार कार्ड, विधवा होने की स्थिति में पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति, परित्यक्ता होने की स्थिति में न्यायालीय आदेश की प्रति एवं कन्या के बैंक खाता की प्रति) सहित विकास खण्ड मुख्यालय (ग्रामीण क्षेत्र), अधिशासी अधिकारी, नगर निकाय (शहरी क्षेत्र), अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत चन्दौली अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय चन्दौली में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि उनके कन्याओं की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न करायी जा सके। योजनान्तर्गत कुल अनुमन्य धनराशि रू0 51000/- के सापेक्ष प्रत्येक शादी हेतु रू0 35000/- की धनराशि कन्या के बैंक खाते में अंतरित करायी जाएगी। इसके साथ ही रू0 10000/- तक के उपहार सामग्री का वितरण किया जाएगा एवं रू0 6000/- की धनराशि से उक्त सामूहिक समारोह को सम्पन्न कराये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजक को उपलब्ध करायी जानी है।

दिल्ली मुंबई की महंगी सर्जरी काशी के सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल में हुई मरीज की बची जान डाक्टर को दिया धन्यवाद

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैण्ट रोडवेज स्थित काशी के प्रथम कारपोरेट सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के सभागार में 5 सितम्बर मंगलवार को पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया` पत्रकार वार्ता के माध्यम से सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल ने अपनी सेवाओं के विस्तार में एक नया आयाम जोड़ते हुए सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के जटिल सर्जरी के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर विस्तार से जानकारी दी` 30 वर्षीय मरीज राजू प्रसाद पता गांव डुमरी बलिया, उ.प्र. को लगभग पांच सालों से इन गंभीर बीमारियों को लेकर हमारे अस्पताल आये थे जिनकी गर्दन में दर्द, सभी अंगों एवं आंत्र मूत्राशय की कमजोरी और असंयम इत्यादि बीमारी थी मरीज की स्थिति लगातार नाजुक होती जा रही थी उन्हें कई मरीजों के माध्यम से डॉ. शशि शेखर सिंह व सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल के बारे में जानकारी मिली` सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल की सेवाओं के बारे में पूर्ण जानकारी लेने के बाद मरीज के परिजनों द्वारा दिल्ली, मुम्बई न ले जाकर यहीं पर सर्जरी कराने का फैसला किया गया` मरीज की सभी संबंधित जाचें की गई और उन्हें आगे की सर्जरी के लिए भर्ती कराया गया उसके उपरान्त जाचों के आधार पर डाक्टर टीम द्वारा मरीज की Foramen Magnum De Compression (FMD), Occipito Cervical Fixation (OCF) सर्जरी सफलता पूर्वक किया गया अब मरीज स्वस्थ है और उसके अंगों की कमजोरी भी ठीक है।

इसके अतिरिक्त 49 वर्षीय मरीज बीरेन्द्र यादव, निवासी कोटवां, नारायनपुर, बलिया के मस्तिष्क की हड्डी हटाकर रक्त की जमी हुई थक्के को सफलतापूर्व निकालकर सर्जरी किया गया इस सर्जरी के पश्चात मरीज अब पूर्णतः स्वस्थ है और अपने सारे दैनिक कार्य कर रहा है` तीसरी मरीज 25 वर्षीय पूजा देवी, निवासी राबर्टसगंज, सोनभद्र, उ.प्र. जिसको टीबी के कारण रीढ़ की ऊपरी हिस्से में पस (मवाद) जमा हो गया था जिसके कारण उसके खाने व सांस की नली पर दबाव पड़ रहा था और साथ ही सर्वाइकल स्पाइन की कुछ हड्डी भी खराब हो गई थी` बीमारी के दौरान दिल्ली के एम्स में इलाज करवा रही थी जहां उसकी बीमारी ठीक नहीं हो रही थी उसके पश्चात उसे हमारे सिग्नस लक्ष्मी हास्पिटल की जानकारी हुई और वह यहां के डाक्टरों से परामर्श लिया और सफलतापूर्वक अपनी सर्जरी करवाई` सर्जरी के पश्चात अब वह पूर्णतः स्वस्थ है और अपने सभी दैनिक कार्य सुचारू रूप से कर रही है` उपरोक्त मरीजों का डॉ. शशि शेखर सिंह (न्यूरो सर्जन), डॉ. दीपक राय (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. विनीत अग्रवाल (एनेस्थेटिक) एवं उनकी टीम के द्वारा सर्जरी की गई व आज मरीज डिस्चार्ज होकर अपने घर जा रहा है, मरीज की सभी रिपोर्टस नार्मल हैं एवं वह पूर्णतः स्वस्थ है` जैसा कि विदित हो कि कैण्ट रोडवेज स्थित सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल पूर्वांचल का प्रथम कार्पोरेट सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल है जहाँ पर दिल्ली, मुंबई जैसे बड़े शहरों की महंगी चिकित्सा सुवधायें रियायती मूल्य पर उपलब्ध है` सिग्नस ग्रुप के चेयरमैन प्रोबल घोषाल द्वारा संदेश दिया गया कि न्यूरो एण्ड स्पाइन के क्षेत्र में सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल, पूर्वांचल की जनता के लिये वरदान साबित होगा व गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिये बड़े शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा` सिग्नस लक्ष्मी हॉस्पिटल में हृदय रोग, न्यूरो सर्जरी, कैंसर सर्जरी, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, गैस्ट्रो एवं लीवर डिपार्टमेंट आदि विभागों की सुविधायें उपलब्ध है` इस वार्ता के दौरान मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सफीर हैदर, डॉ. शशि शेखर सिंह (न्यूरो सर्जन) व उनकी टीम के अलावा हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपक राय, डॉ. विनीत अग्रवाल (एनेस्थेटिक) एवं वाइस प्रेसीडेंट सुमित सैनी व एजीएम संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में डोमरी, बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में डोमरी, पड़ाव, वाराणसी स्थित बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम विद्यालय की प्रबंधक डॉ. जयशीला पांडेय, उप प्रबंधक श्री मुकुल पांडेय व प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी ने मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा केक काट कर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को उपहार प्रदान किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया। छात्राओं ने नृत्य व गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखें। प्रबंधक डॉ. जयशीला पांडेय व उप प्रबंधक श्री मुकुल पांडेय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस अवसर पर शुभकामना दिए। उन्होंने गुरु के महत्व व अर्थ को भी समझाया। गुरु शब्द में गु का अर्थ अज्ञानता के अंधकार से, रू का अर्थ ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को क्वालिटी युक्त शिक्षा देनी चाहिए तथा सचरित्र होना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में धूमधाम से मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रुप में डोमरी, रामनगर, वाराणसी स्थित आचार्य सीताराम चतुवेर्दी महिला महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया की पूर्व कुलपति एवं महाविद्यालय की निदेशक प्रो. कल्पलता पांडेय व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय शंकर मिश्र जी ने मां सरस्वती व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर शिक्षक दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में छात्राओं ने शिक्षकों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया। छात्राओं ने नृत्य व गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। महाविद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने भी शिक्षक दिवस पर अपने विचार रखें। पूर्व कुलपति एवं महाविद्यालय की निदेशक प्रो. कल्पलता पांडेय ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को इस अवसर पर शुभकामना दी। उन्होंने गुरु के महत्व व अर्थ को भी समझाया। गुरु शब्द में गु का अर्थ अज्ञानता के अंधकार से, रू का अर्थ ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को क्वालिटी युक्त शिक्षा देनी चाहिए तथा सचरित्र होना चाहिए।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विजय शंकर मिश्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन बी.कॉम की छात्रा हर्षिता तिवारी ने किया।

पास्को एक्ट के अभियुक्तगण गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

प्रखर रामपुर मांझा गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर गाजीपुर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राअधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 05,09 ,2023 को थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में उ0 नि0 अजय प्रकाश पांडे थाना रामपुर- मांझा मे हमराह के द्वारा अभियुक्तगण 1- विशाल कुमार मौर्या पुत्र सुभाष मौर्या वह राम और मौर्य व पुत्र घनश्याम मौर्य निराशागढ़ पहाड़पुर थाना रामपुर माझा गाजीपुर हाल पता ग्राम भवानीपुर थाना रामपुर माझा गाजीपुर के तरंग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया उक्त उपयुक्त गण को पंजीकृत अपराध 0097 बात 2023 धारा 365 366 376 120 भादवी ए एल एक्ट 6 फॉक्स को एक्ट वह 325 एससी एसटी एक्ट थाना रामपुर माझा जनपद गाजीपुर रहे।

शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षकों का हुआ सम्मान

प्रखर वाराणसी। शिक्षक दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति शैक्षिक संगोष्ठी व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन सनत कुमार सिंह अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सहयोग से कुल 05 सेवानिवृत एवं 121 कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक संघ के नेता सनतकुमार सिंह के द्वारा सेवानिवृत व कार्यरत शिक्षकों को प्रतिवर्ष सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया जा रहा है जिसकी हम सब प्रशंसा करते हैं। शिक्षक बढ़िया कार्य कर रहे हैं इनको सम्मानित करने में खुशी होती है। मा.सुरेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष शिक्षकों का सम्मान शिक्षक संघ द्वारा किया जाता है। वर्ष 2010 से अनवरत शिक्षक दिवस के अवसर पर सेवानिवृत शिक्षकों के साथ-साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के उपरान्त अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ राष्ट्र प्रेम की भावना से रक्त दान भी करते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी शिक्षकों की सराहना करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शो का अनुकरण करने का अनुरोध किया। मुख्य रूप से अनूप कुमार सिंह, सांन्तेश्वर मिश्र, मनोज कुमार, संजय राय, राजेश सिंह, श्रीपादवल्लभ वक्षी ललित सिंह, राजेन्द्र राय, वेद प्रकाश, विजय लाल गुप्ता, शैलेन्द्र सहाय, डॉ सिद्धनाथ पाण्डेय, राजकुमार, संदीप गौतम, प्रमोद सिंह,रीना सिंह, उषा सिंह, पुष्पा देवी, चन्द्रावती शर्मा, प्रेमलता यादव,प्रतिमा सिंह,रीता राय, अनुराधा, माधवी, रीचा चित्रांशी, अंजना सिंह, डॉ उषा सिंह, कुसुम कला, प्रियंका मंजरी आदि ने विचार व्यक्त किये, संचालन राजेश सिंह व सपना तिवारी ने किया।

अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का फूंका पुतला

प्रखर जौनपुर । हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की घटना को लेकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर दीवानी न्यायालय में अधिवक्ताओं ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश व पुलिस महानिदेशक का पुतला फूंका। परिसर में चक्रमण कर पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी प्रदर्शन किया। 6 सितंबर को भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहेंगे। बार काउंसिल की बैठक के बाद अग्रिम रणनीति की जाएगी। वकीलों की मांग है कि हापुड़ के डीएम एसपी का स्थानांतरण हो,दोषी पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज हो,वकीलों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस हों, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू हो,घायल वकीलों को मुआवजा दिलाया जाए। मंगलवार को अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय व मंत्री अनिल सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुतला फूंका व विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अवधेश सिंह,सुभाष यादव,अनिल सिंह,हिमांशु श्रीवास्तव,शरदेंदु चतुवेर्दी, अजीत सिंह, अश्वनी मिश्र, सुरेंद्र मिश्र,सीपी दुबे, राजकुमार यादव,संदीप यादव,हंसराज चौधरी, अरविंद सिंह,घनश्याम ओझा,सुजीत निषाद,प्रकाश कुमार, घनश्याम यादव,विकास तिवारी,शशि मोहन शुक्ला, मो. उस्मान,

ऑनलाइन हाजिरी के खिलाफ सफाई कर्मचारियों ने डीपीआरओ को दिया ज्ञापन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को उ0प्र0 पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ गाजीपुर जिलाध्यक्ष रोशन लाल के नेतृत्व में हजारों सफाई कर्मचारियों ने ऑनलाइन हाजिरी से मुक्ति के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के प्रतिनिधि लेखाकर जीतेंद्र सिंह को ज्ञापन देकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने कहा है कि जब किसी अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों की ऑनलाईन हाज़िरी नही होती है तो सफाई कर्मचारियों की ऑनलाईन हाज़िरी अन्याय पूर्ण है। आगे रोशन लाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी अपने मूल कार्य के साथ-साथ राज्य सरकार, भारत सरकार, शासन व प्रशासन के आदेशानुसार अनेकों कार्य करते हैं जिससे सरकार की सारी योजनाये व कार्यक्रम जमीनी धरातल पर पूर्ण होती है। जैसे बीएलओ कार्य, मतदाता पुनरीक्षण कार्य, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) में अनेको कार्य, डीपीआरओ कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, जिलाधिकारी कार्यालय, जिला विकास अधिकारी कार्यालय,

जिला स्तरीय अधिकारी गण के आवास आदि बिना समय की बाध्यता के कार्य लिया जाता है। प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू ने कहा है कि सफाई कर्मचारियों से निर्वाचन के दिनों में ईवीएम मशीन

की साफ-सफाई एवं ट्रकों पर लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य लिया जाता है समय-समय पर सांड-मवेशियों को पकड कर गौ-आश्रय में पहुँचाने का कार्य लिया जाता है। जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारी फील्ड के कर्मचारी हैं व अधिकांश कर्मचारी केवल साक्षर और अनपढ़ हैं। रेवतीपुर ब्लॉक अध्यक्ष शंकर वर्मा ने कहा कि पंचायत भवन प्रातः 10 बजे खुलता है। कुछ पंचायत भवन कभी-कभार खुलते। पंचायत सहायक के अनुपस्थित होने पर सफाई कर्मचारियों की हाजिरी नही लग पाएगी। जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा है कि सफाई कर्मचारियों को आन लाइन हाजिरी से मुक्त किया जाना चाहिए। यदि सफाई कर्मचारियों को समय रहते आन लाइन हाजिरी से मुक्त करने का आदेश नही जारी किया जाता है तो जनपद के सभी सफाई कर्मचारी प्रान्तीय संघ के आह्वाहन पर आन्दोलन करनें के लिए बाध्य होगें। इस दौरान प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष रोशन लाल के साथ प्रांतीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू, जखनियां ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रिका राम, मंत्री अरुण कुमार, कोषाध्यक्ष छीनाथ राम, मनिहारी मंत्री जयप्रकाश, देवकली ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, मंत्री धर्मेन्द्र यादव, छोटू बिंद, पूर्व कसीमाबाद ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार, कृष्णमुरारी, रामसिंहासन, कन्हैया लाल, सुग्रीव राम, सैदपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजनाथ, नरसिंह प्रसाद, मरदह ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार भारती, राजन यादव, हरिलाल भारती, कमला राम, करंडा ब्लॉक अध्यक्ष रामनगीना यादव, रमेश गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, अश्वनि राय, मंत्री राजेश कुशवाहा, सुरेश यादव, कोषाध्यक्ष अरविन्द यादव, पूर्व जिला मंत्री पंकज यादव, हंसराज कुशवाहा, महेश भारती, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष प्रेमचन्द चौधरी, रामप्यारे चौरसिया, रियाज खां, इम्तियाज अहमद, राकेश मोहन, जयप्रकाश, ईश्वर आदि हजारों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे । अंत में जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने केक काटकर मनाया शिक्षक दिवस

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में छात्रो ने गुरु शिष्य परम्परा के अनुसार उपहार भी दिया। परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए। छात्र-

छात्राएं, शिक्षिकाओ के साथ केक काटकर टीचर्स डे सेलिब्रेट किया और आशीर्वाद लिया। कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फूलपुर, जमापुर, पिंडरा, मंगारी, तिवारीपुर, सिंधोरा में विविध कार्यक्रम हुये। इस दौरान स्कूलों और कक्षाओं को बेहतर ढंग से सजाया। इसी तरह दबेथुवा स्थित देवमूर्ति शर्मा इंटर कॉलेज में एसबीआई पिंडरा की ब्रांच मैनेजर निवेदिता को सम्मानित किया गया। इसके अलावा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल फूलपुर में विविध कार्यक्रम के साथ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्रबन्धक संजीव सिंह व प्रिंसिपल रामानुज यादव ने आभार व्यक्त किया।

ग्रामीण इलाके से बेहद खूबसूरत तस्वीर, नन्हे-मुन्ने बच्चों ने केक काटकर मनाया शिक्षक दिवस

प्रखर कुशीनगर। पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। ग्रामीण इलाकों में भी शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया जाता है। प्राथमिक विद्यालय हतवा से शिक्षक दिवस पर एक खूबसूरत तस्वीर आई है, जहां नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राएं, शिक्षिका मीना सिंह के साथ केक काटकर टीचर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। शिक्षकों को सम्मान देने के मकसद से छात्र-छात्राएं हर्षोल्लास पूर्वक शिक्षक दिवस मना रहे हैं और अपने गुरुजनों का आशीर्वाद ले रहे हैं। इस मौके पर छात्र अपने

प्रिय शिक्षकों के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम भी कर रहे हैं। इतना ही नहीं कई विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ है। गुरु का स्थान माता-पिता से भी ऊपर है। दरअसल, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर, 1888 को हुआ था। सन 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो उनके छात्र 5 सितंबर को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति मांगने के लिए उनके पास पहुंचे। उन्होंने समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने के लिए 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुरोध किया। डॉ. राधाकृष्णन ने एक बार कहा था कि शिक्षकों को देश में सर्वश्रेष्ठ दिमाग वाला होना चाहिए।

नवनियुक्त समाजवादी नेता का हुआ जोरदार स्वागत

प्रखर गाजीपुर। सैदपुर विधानसभा के इशोपुर में समाजवादी पार्टी के नयनियुक्त नेता कैलाशपति पांडेय का जोरदार स्वागत किया गया। रामकरन दादा के स्मृति स्थल पर दर्जनों की संख्या में समाजवादी कार्यकताओं एवं नेताओं ने कैलाशपति पांडेय को फूल मालाओं से लाद दिया। बसपा विधायक स्व दीनानाथ पांडेय के भाई प्रमुख उद्योगपति एवं सक्रिय समाजसेवी कैलाशपति पांडेय ने स्व रामकरन यादव के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनसे समाजवाद की राह पर चलने का आशीर्वाद मांगा। पूर्व एमएलसी डॉ विजय यादव ने कहा कि कैलाशपति जी शुरू से ही समाजवादी विचारधारा के रहे है। अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा सर्व समाज की भलाई के विषय में

कार्यरत रहे है। सरकार के खिलाफ किसानों जवानों और दुकानदारों की लड़ाई में कैलाशपति अहम भूमिका निभाएंगे। कैलाशपति पांडेय ने कहा कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार निरंकुश हो गई है। सरकार के मनमाने पन से आज किसान जवान दुकानदार छोटे व्यापारी बड़े व्यवसायी और नौकरीपेशा लोग भी त्रस्त हो गए है। सरकारी नियंत्रण से बाहर हो चले नौकरशाह भी बेलगाम हो गई है। मनमाने तरीके से विपक्ष के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। सैदपुर के विधानसभा अध्यक्ष कमलेश यादव, जिला उपाध्यक्ष आशीष यादव राहुल, वरिष्ठ नेता कमला यादव, कोषाध्यक्ष राजेश पाल, रामविजय चौहान, पारसनाथ, विश्वदीप त्रिपाठी, डॉ बंशीधर यादव, दिना यादव रहे।

भारतीय कुश्ती संघ की सदस्यता रदद् होने पर, खेत गिरवी रखकर अखाड़ा बनाने वाले सूबेदार सिंह यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

प्रखर सेवापुरी वाराणसी। प्रधानमंत्री मोदी जी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के निवासी सूबेदार सिंह यादव(अदमापुर मिर्जा मुराद सेवापुरी वाराणसी) प्रधानमंत्री मोदी जी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए! कि भगवान श्री कृष्ण जी के समय काल से चली आ रही हैं कुश्ती! भारतीय कुश्ती हमेश अन्तर्राष्ट्रीय अस्तर पर परिचायक रही हैं लेकिन आपके शासनकाल में भारतीय कुश्ती संयुक्त यूनाइटेड कुश्ती संघ से सदस्यता रदद् हो गया जो काफी दुख की बात हैं! कि हमारे भारतीय कुश्ती खिलाड़ी अपने तिरंगे तले नही खेल पायेंगें! इसके जिम्मेदार आप हैं! जो कि पुरा देश दुखी हैं! कृपया करके कोई रास्ता निकाले जिससे भारतीय कुश्ती संघ सदस्यता फिर से बहाल हो सके और अपने देश के पहलवान खिलाड़ी अपने देश के तिरंगे के तले खेल सके! यदी कोई रास्ता नही बनाएंगे आप तो आपके खिलाफ धरना देने के लिए बाध्य रहुंगा!

समाजसेवी रास बिहारी सिंह ने 41 छात्राओं को वितरित किया निःशुल्क साइकिल

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। ग्राम धूरिया के प्राथमिक विद्यालय पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रासबिहारी सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत धुरिया, अहरौरा के कक्षा 9 से 12 तक के 41छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया गया गया , छात्राए साइकिल पा कर बहुत खुश हुई और कहा की दूर स्कूल जाने मे बहुत आसानी होगी। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अहरौरा कुमुद शेखर सिंह रहे।समाजसेवी रासबिहारी सिंह के इस नेक काम की ग्राम वासियों ने सराहना की और बधाई दिया, इस मौके सिद्धनाथ सिंह, जिला अध्यक्ष भाकियू कंचन सिंह फौजी, जिला महासचिव वीरेंद्र सिंह, स्वामी दयाल सिंह, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, अशोक सिंह प्रबन्धक, रामजी बिंद पूर्व प्रधान, मुलायम यादव ग्राम प्रधान, प्रमुख रुप से मंचासिन रहें।

हर घर से मिट्टी और चावल संग्रह करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय जनता पार्टी के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम को लेकर भाजपा अहरौरा मंडल की बैठक मंडल कार्यालय पर हुई जिसमे मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तैयारियो को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला कार्य समिति सदस्य सुजीत केसरी ने कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि यह देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का देश के आम जन से सीधा संवाद और सहयोग रुपी राष्ट्रीय कार्यक्रम है,जिसमे भाजपा के बूथ लेबल के कार्यकर्ता हर गांव हर घर से मिट्टी और चावल संग्रह कर दिल्ली भेजेंगे जहा बन रहे अमृत पार्क मे यह सामग्री समाहित होगा, साथ उन्होंने बताया कि मिट्टी संग्रहण के साथ ही हर गांव में अमृत वाटिका बना उसमे 75 पौधारोपण भी किया जायेगा, बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि ने कार्यकताओं का आवाहन करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता वोटर चेतना महाभियान के तहत हर बूथ से कम से कम 15 नव मतदाता

अनिवार्य रूप से बनाये यह अभियान प्रारंभ हो गया है और उसे सूचीबद्ध कर संगठन को प्रस्तुत करे जिससे आगामी 2024 की हमारी तैयारी चाक चौबंद रहे और चुनाव मे हम पुराने रिकॉर्ड से भी ज्यादा अंतर से मोदी जी को केंद्र की सत्ता सौंप सके, बैठक में शामिल रहने वाले प्रमुख कार्यकताओं मे जयकिशन जायसवाल संतोष पटेल उमेश केशरी रमेश बहेलिया सुरेन्द्र प्रजापति रमेश पटेल मनोज सोनकर कृष्णा तिवारी बालगोविंद सिंह विनोद सोनकर जगत सिंह नागेन्द्र बहादुर सिंह श्वेता सिंह माखन सिंह वेद प्रकाश भारती धर्मराज पटेल सुबाष पटेल रामशरन पटेल संदीप पटेल विरेन्द्र कुमार संतोष गुप्ता आशुतोष गिरि अरविंद मिश्रा संतोष विश्वकर्मा आनंद मौर्य विनय शर्मा विवेक मौर्या योगेश पटेल अंकित मौर्या आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रांसपर्सन होना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ट्रांसफोबिक होना एक विकल्प है : सलमा चौधरी

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। गुलिस्तां एकता किन्नर सेवा ट्रस्ट द्वारा आई.एम.एस.बी.एच.यू. के एनाटॉमी विभाग की प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. रोयाना सिंह के सहयोग से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति जागरूकता को लेकर कार्यक्रम किया गया वाराणसी के ट्रांसजेंडर समुदाय की अध्यक्ष सलमा चौधरी ने समुदाय के सदस्यों के साथ ट्रांसजेंडर होने की अपनी यात्रा को साझा किया और कहा की यह हमारे लिए सम्मान की बात है कि एडीसीपी वाराणसी ममता रानी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुई जहां उन्होंने इस बारे में अपने विचार साझा किए कि कैसे हम सभी उन्हें उनके जीवन में आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं और उन्होंने हमसे यह भी कहा कि तीसरे लिंग के रूप में उनके साथ भेदभाव न करें बल्कि उन्हें दूसरों के समान ही

सम्मान दें। डॉक्टर के रूप में हमसे नवजात शिशु के बारे में पूछा जाता है कि वह लड़का है या लड़की? लेकिन हम किसी व्यक्ति के लिंग को उनके जननांगों और कपड़ों के आधार पर परिभाषित नहीं कर सकते, जैसा कि सलमा चौधरी ने कहा था ट्रांसपर्सन होना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ट्रांसफोबिक होना एक विकल्प है जैसा कि डॉ. रॉयना सिंह ने बताया कि हम डॉक्टर और शोधकर्ता के रूप में यौन विकास के विकारों के विभिन्न रूपों (डीएसडी जिसे पहले इंटरसेक्स कहा जाता था) के निदान में सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। कैरियोटाइपिंग, प्राइमर आधारित पीसीआर और क्यूएफ पीसीआर जैसी तकनीकों द्वारा ये आनुवंशिक आधारित अध्ययन व्यक्तियों और परिवारों को वास्तविक कारण जानने और उचित उपचार, दवाओं के साथ आगे बढ़ने और स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करते हैं तो यह हमारा कर्तव्य है उन्हें प्रत्येक मंच पर अवसर मिलता है जहां शिक्षा पहली प्राथमिकता है इसलिए मैं इस सत्र को इस उद्धरण के साथ समाप्त करना चाहूंगा कि कुछ अपने शरीर में पैदा होते हैं लेकिन दूसरों को इसके लिए लड़ना पड़ता है।

रामपुर माँझा पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक मंगलवार को थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक अजय प्रकाश पाण्डेय मय हमराह द्वारा पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्तगण विशाल कुमार मौर्या उम्र 19 वर्ष पुत्र सुभाष मौर्या तथा रामअवध मौर्या उम्र 24 वर्ष पुत्र घनश्याम मौर्या निवासीगण पण्डापुर थाना रामपुर मांझा गाजीपुर हालपता ग्राम भवानीपुर थाना रामपुर मांझा गाजीपुर को तरांव रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया । अन्य विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाने द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अजय प्रकाश पाण्डेय थाना रामपुर माँझा, उप निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा थाना रामपुर माँझा, कांस्टेबल पप्पू कुमार यादव थाना रामपुर माँझा जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि, लोगों ने पेश की खिराजे अकीदत

प्रखर जौनपुर। शहर के जाने माने पत्रकार रियाजुल हक की धर्म पत्नी समाजसेविका की तीसरी पुण्य तिथि पर उनको याद किया गया और लोगो ने उनकी कब्र पर पहुंच कर खिराजे अकीदत पेश किया। समाज सेविका ने अपने जीवन में एक एनजीओ की स्थापना की थी जो आज भी समाज में उनके मिशन को आगे बड़ा रही है। गंभीर बीमारी के बाद समाज सेविका 5 सितंबर 2020 को बीएचयू के सर सुंदर लाल मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली थी,लोगो ने दो मिनट मौन रख उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की,इस मौके पर अहसाले सवाब के लिए कुरान का पाठ भी किया गया,जरूरत मंदो को भोजन, दवा का भी प्रबंध इस मौके पर किया गया। खिराजे अकीदत पेश करने वालो में मुख्य रूप से मास्टर सेराज अहमद, विजय अग्रहरी, प्रो शम्स आलम, दिलदार अहमद,ताज मोहम्मद, अरशद, शब्बीर हैदर, राजेश गुप्ता, संतोष यादव,मो कलीम सिद्दीकी, अब्दुल सलाम, खालिक,एजाज हाशमी, वामिक, एस नेयाज, अशियम एहसान, सलीम सहजादे, बख्तियार, इमाम ए पुलिस लाइन जावेद अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

शिक्षक दिवस पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षकों और छात्रों ने किया श्रद्धा सुमन अर्पित

प्रखर जौनपुर। शहर के पुरानी बाजार प्राइमरी स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर शिक्षको ने उपस्थित छात्रो को शिक्षक दिवस की महत्ता बताई इस मौके पर मोहम्मद कलीम सिद्दीकी, रचना गुप्ता,वर्षा चौरसिया,सीमा बानो,नसरीन बानो आदि अध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

पत्रकारों के लिए एक दिवसीय चिकित्सा शिविर 6 सितम्बर को

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी पत्रकार संघ वाराणसी प्रेस क्लब में 6 सितम्बर बुधवार को पूर्वाह्न 09 बजे से अपराह्न 01 बजे तक पराड़कर स्मृति भवन में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें चेस्ट रोग विशेषज्ञ डा॰ एस॰ के॰ पाठक व 14 सदस्यीय उनकी टीम द्वारा छाती व श्वसन रोगों, एलर्जी, ब्लड प्रेशर, शुगर से सम्बंधित मरीजों की जांच एलर्जी टेस्ट, इम्यूनोथेरेपी, स्लीप स्टडी, प्लुरल टैपिंग, पल्मोनरी रिहेबिलिटेशन, कार्डियक मॉनिटरिंग, टीबी , एचआईवी , एड्स मॉनिटरिंग, एक्स-रे, बाई- पैप ,सी-पैप थेरेपी, ब्रोंकोस्कोपी, पैथोलॉजी टेस्ट आदि टेस्ट निःशुल्क किये जाएंगे एवं आवश्यक दवाईयां भी निःशुल्क दी जाएंगी।

हमीद सेतु पर स्ट्रीट लाइट चालू करने के लिए करप्शन फ्री इंडिया का भूख हड़ताल समाप्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गाजीपुर शहर के हमीद सेतु पर लगे लाइट को चालू करने, उनके नाम का शीलापट्ट लगाने, सेतु के दोनों तरफ जाली लगाने, सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं नगर पालिका द्वारा सेतु की साफ सफाई की मांग को लेकर हमीद सेतु के पास संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम अंसारी अपोलो, के नेतृत्व में सुबह 10:00 बजे से चालू हुआ। भूख हड़ताल काफी जद्दो जहद के बाद जिलाधिकारी महोदया द्वारा नायब तहसीलदार सदर और पुलिस को भेज कर सद्भावना पूर्ण वातावरण में मांग पत्र लेकर 10 दिनों के अंदर समस्या का निस्तारण कराकर सूचना देने का आश्वासन दिया गया। तत्पश्चात 1 बजे भूख हड़ताल को समाप्त किया गया और मांग पत्र के अनुसार यह चेतावनी दिया गया कि यदि समय अनुसार समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो आगे जनता के सहयोग से बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के पवन वर्मा जिलाध्यक्ष, श्याम नारायण कुशवाहा राष्ट्रीय संगठन सचिव, इंद्रजीत सिंह राष्ट्रीय सचिव, नंदलाल यादव राष्ट्रीय संयुक्त सचिव, जयप्रकाश, भरत यादव जिला उपाध्यक्ष, सत्येंद्र कुमार यादव जिला अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ, सुंदरम अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, श्रवण यादव, अनिल सोनी, सहित कार्यकर्ता गण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं